डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
17 अप्रैल 2025
गुरुवार


आज का मौसम
38 अधिकतम
23 न्यूनतम


बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो





Page-7


### नीमच में सीआरपीएफ के स्थापना दिवस समारोह में ऐलान

# मार्च 26... शाह ने दी डेडलाइन, एक वर्ष में देश से नक्सलवाद का सफाया होगा

**नीमच, दोपहर मेट्रो, एजेंसी**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज मप्र के नीमच में सीआरपीएफ के 86वें स्थापना दिवस समारोह में शिरकत की और कहा कि अगले एक साल में यानि 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद का देश से सफाया हो जाएगा तथा इसमें सीआरपीएफ जवानों की ब?ी भूमिका रहेगी। इससे पहले शाह ने शहीद स्थल पर वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी फिर खुली जीप में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया। समारोह में सीआरपीएफ की 8 टुकड़ियां परेड में शामिल हुई। गृहमंत्री ने परेड की सलामी ली। शाह ने वीरता पदकों के लिए चयनित सीआरपीएफ जवानों को वीरता पदक भी दिए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव भी शामिल हुए। इस मौके पर शाह ने कहा कि सीआरपीएफ की स्थापना से अब तक 2264 जवानों ने अलग-अलग मोर्चों पर देश की सुरक्षा के लिए बलिदान दिया है। उन सभी शहीदों के परिवार को मैं कहना चाहता हूं कि 2047 में सर्वोच्य बनने की दिशा में आगे ब? रहा है। इसमें आपके परिवारजन के बलिदान का बड़ा योगदान है। भारत को सीआरपीएफ पर गर्व हैं। सीआरपीएफ है तो विजय सुनिश्चित हैं। जब भी देश में कहीं भी अशांति होती है तथा गृहमंत्री होने के नाते मुझे पता चलता है कि सीआरपीएफ का जवान वहां मौजूद हैं तो मैं निश्चित होकर काम करता हूं। मुझे भरोसा है कि सीआरपीएफ है तो विजय सुनिश्चित हैं। सीआरपीएफ के डीजी ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह कार्यक्रम को संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में भी कोबरा बटालियन का गठन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि शाह के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कल रात को ही नीमच पहुंच गये थे।






## वक्फ कानून पर दूसरे दिन भी सुप्रीम सुनवाई

**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन कानून पर आज देश की सर्वोच्च अदालत में लगातार दूसरे दिन सुनवाई हो रही है। कल कोर्ट में वक्फ संशोधन कानून पर लगभग 70 मिनट सुनवाई हुई थी। तब अदालत ने संकेत दिया कि वो इस कानून के कथित विवादित हिस्सों को अमल में लाने पर रोक लगा सकता है। आज वक्फ घोषित संपत्तियों को गैर अधिसूचित (डिनोटिफाई) करने, वक्फ बोर्ड में गैर मुस्लिम सदस्यों को शामिल करने और कलेक्टरों की जांच के दौरान संपत्ति को गैर वक्फ किए जाने के प्रावधानों पर आदेश जारी कर सकता है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा है कि ÷हम आम तौर पर इस चरण में किसी कानून पर रोक नहीं लगाते हैं, जब तक कि असाधारण परिस्थितियां न हों, यह एक अपवाद प्रतीत होता है। हमारी चिंता यह है कि अगर वक्फ-बाय-यूजर को गैर-अधिसूचित किया जाता है, तो इसके बहुत बड़े परिणाम हो सकते हैं।




## राबर्ट वाड्रा से तीसरे दिन भी ईडी की पूछताछ

**नईदिल्ली, एजेंसी**

हरियाणा के शिकोपुर लैंड मामले में कांग्रेस के गांधी परिवार के दामाद रॉबर्ट वाड्रा से ईडी लगातार तीसरे दिन भी पूछताछ कर रही है। वाड्रा के साथ उनकी पत्नी प्रियंका गांधी वाड्रा भी दिखीं। कल वाड्रा से 6 घंटे तक पूछताछ हुई थी। वाड्रा की कंपनी स्काइलाइट हॉस्पिटलिटी पर आरोप है कि साढ़े 7 करोड़ में खरीदी जमीन को 58 करोड़ में बेचकर 50 करोड़ का मुनाफा कमाया गया। वाड्रा का कहना है कि पिछले 20 सालों में 15 बार उन्हें बुलाया गया और हर बार 10 घंटे से ज्यादा पूछताछ की गई। इस मामले में उन्होंने 23,000 दस्तावेज जमा किए हैं। उन्होंने कहा, %2019 में सभी सवालों के जवाब दे चुके हूं, जितना प्रेशर डालोगे, परेशान करोगे, उतना मैं मजबूत होकर वापस आऊंगा।

## आप विधायक पाठक पर सीबीआई का छापा

**नईदिल्ली, एजेंसी**

आज आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक दुर्गेश पाठक के घर सुबह केंद्रीय एजेंसी सीबीआई ने छापा मारा। यह कार्रवाई एफसीआरए (विदेशी योगदान विनियमन अधिनियम) के एक मामले में हुई। ईडी के अधिकारियों ने भी कुछ देर रेड किया और फिर वह चले गए। हाल ही में पाठक को 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी का गुजरात सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। पार्टी ने आरोप लगाया कि बीजेपी अब आप के गुजरात में बढ़ते प्रभाव से 'डरी' हुई है, क्योंकि 2022 के विधानसभा चुनाव में आप को पांच सीटें मिली थीं। इससे पहले ईडी ने गृह मंत्रालय को एक रिपोर्ट सौंपी थी जिसमें कहा गया था कि आप को विभिन्न देशों से लगभग 7 करोड़ रुपये का चंदा मिला था, इसमें कनाडा का कार्यक्रम भी शामिल है, जिसका आयोजन दुर्गेश पाठक ने किया था।

## मप्र समेत कई राज्यों में भाजपा अध्यक्षों की नियुक्ति का काउंटडाउन

### राष्ट्रीय अध्यक्ष का फैसला भी करीब, दिल्ली में अहम बैठक

**नई दिल्ली/भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर अब संभवत काउंटडाउन शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने आवास पर पार्टी नेताओं संग अहम बैठक के बाद माना जा रहा है कि अगले सप्ताह तक पार्टी अध्यक्ष के नाम की घोषणा हो सकती है। बताया जाता है कि इस अहम बैठक में मप्र समेत कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल में नये अध्यक्षों के नामों पर भी चर्चा हुई है। सूत्र बताते है कि पहले करीब आधा दर्जन राज्यों के अध्यक्षों की घोषणा होगी इसके बाद इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। मप्र में हेमंत खंडेलवाल का नाम तेजी से उभरा है तो नरोत्तम मिश्रा के नाम पर भी कयास तेज हैं। हालांकि दलित आदिवासी वर्ग से भी नाम तलाशे गये हैं लेकिन भाजपा मप्र में फिलहाल कोई जातीय संतुलन की हड़बड़ी में नहीं हैं, इसके बजाए यह सत्ता व संगठन में तालमेल को वरीयता दे रही है। उल्लेखनीय है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव जनवरी में होना था, लेकिन अप्रैल आधा बीत जाने के बाद अब पार्टी पर भी फैसला करने का दबाव है। नड्डा जनवरी, 2020 से राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में काम कर रहे हैं। पार्टी संविधान के मुताबिक उनका कार्यकाल जनवरी, 2023 में खत्म हो गया, लेकिन लोकसभा चुनाव समेत कई बड़े चुनावों के मद्देनजर उनका कार्यकाल आगे बढ़ा दिया गया। दूसरी तरफ संघ से भी कई बार चर्चा व मत लेने का अंदरखाने काम हो चुका है।

## लू को तेलंगाना ने आपदा घोषित मौत पर 4 लाख मुआवजा

**नईदिल्ली, एजेंसी**

देशभर में भीषण गर्मी और कुछ राज्य में आंधी पानी की स्थिति के बीच तेलंगाना सरकार ने लू को आपदा घोषित कर दिया है। तेलंगाना के 28 जिलों में कम से कम 15 दिनों तक लू की आशंका है। सरकार ने लू लगने से मरने वालों के परिजन को 4 लाख रुपए की सहायता का ऐलान किया है। तेलंगाना ऐसा करने वाला संभवतः देश का पहला राज्य है। उधर राजस्थान में भीषण गर्मी और लू का दौर है। आज जयपुर, जोधपुर सहित 17 जिलों में हीटवेव है। इनमें से 4 जिलों के लिए रेड अलर्ट है।

**मध्यप्रदेश राजस्थान में भीषण गर्मी**

मध्यप्रदेश में भी बारिश के बाद गर्मी का असर बढ़ गया है। करीब दस शहरों में तापमान 40 डिग्री के पार है। सबसे गर्म रतलाम है, जहां कल भी तापमान 42.6 डिग्री दर्ज किया गया। आज भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर में भी तापमान और बढ़ सकता है। उधर मौसम विभाग ने यूपी, बिहार समेत देश के 24 राज्यों में आंधी-तूफान और बारिश का अनुमान जताया है। झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम और बिहार में भारी बारिश की आशंका है। वहीं, छत्तीसगढ़ में ओले और बिहार, पश्चिम बंगाल के कुछ इलाकों में बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है।

## टीम इंडिया से सपोर्ट स्टाफ की छुट्टी, गंभीर के खासमखास भी नपे

**बीसीसीआई के तेवर हुए सख्त**

**नईदिल्ली, एजेंसी**



भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली गई बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में भारतीय टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने सख्त तेवर दिखाए हैं। बोर्ड ने कड़ा एक्शन लेते टीम के सहयोगी स्टाफ में बड़ा बदलाव किया है। उसने 4 कर्मचारियों को भारतीय टीम से हटा दिया है, जिनमें असिस्टेंट कोच, फील्डिंग कोच, स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच और एक मसाजर शामिल हैं। सबसे बड़ी बात यह कि इनमें हेड कोच गौतम गंभीर के खास अभिषेक नायर की भी छुट्टी हो गई है। नायर कोलकाता नाइटराइडर्स के दिनों से गौतम गंभीर के साथ जुड़े थे। जब गंभीर टीम इंडिया के हेड कोच बने तो नायर को भी सपोर्ट स्टाफ में शामिल किया गया था। नायर टीम में असिस्टेंट कोच की जिम्मेदारी को निभा रहे थे। नायर के अलावा टीम इंडिया के सपोर्ट स्टाफ से फील्डिंग कोच टी दिलीप स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच सोहम देसाई की भी छुट्टी कर दी गई है। वहीं एक मसाजर (फिजियो सपोर्ट स्टाफ) को भी हटाया गया है। हालांकि इस मसाजर का नाम क्या है, यह बात जाहिर नहीं हो पाई है।

## आपदा प्रबंधन को परखने मप्र के 10 जिलों में मॉक ड्रिल

**भोपाल।** गर्मी के मौसम में आपदा प्रबंधन को मजबूत बनाने की कोशिशों के तहत तैयारियों को परखने और आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से आज भोपाल सहित प्रदेश के 10 जिलों में रासायनिक औद्योगिक आपदा पर मॉक अभ्यास किया गया है। यह अभ्यास सुबह से दोपहर तक चला। मॉक ड्रिल राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में हो रही है।

# चार्जशीट की टाइमलाइन या चुनाव से अहमदाबाद तक का *कालखंड?*



**नजरिया**
आशीष दुबे

भारतीय राजनीति में अब एक निर्णायक लड़ाई की इब्दिता हो गई है। यह भारत की दो शक्तिशाली राजनीतिक पार्टियों के बीच का संघर्ष है। चूंकि यही दोनों वैचारिक धरातल पर अपने रुख-विचार पर कायम हैं और बाकी दलों का वैचारिक धरातल कमजोर और विजन 'ब्लर' है, इसलिए ताजा संघर्ष रोचक है। दोनों दलों के लिए एक-दूसरे को एक्सपोज़ करने का मौका भी है। जाहिर वजह तो नेशनल हेराल्ड केस है लेकिन इसके पीछे लोकसभा चुनाव परिणामों के दिन से लेकर अहमदाबाद अधिवेशन तक का सियासी कालखंड कम गौरतलब नहीं हैं। फिलहाल सवाल यह है कि कांग्रेस की 'जड़' पर सियासी दबाव बनाकर क्या यह एक दशक पुराने 'कांग्रेस मुक्त भारत' नारे की अघोषित वापसी है? यह इसलिए भी लगता है क्योंकि कांग्रेस की देश में तीन में से दो सरकारें अपने ही 'बोझ' से लड़खड़ा रही हैं। तिस पर उसने गुजरात जीतने के इरादे की गुजरात में ही हुंकार भरी है। बार-बार राहुल गांधी के दौरे हो रहे हैं और गुजरात समेत देशभर में कांग्रेस के भीतर भाजपा के मददगारों या स्लीपर सेल को चिन्हित किया जा रहा है !

एक तरफ यह सियासी घटनाक्रम हैं। दूसरी तरफ अचानक नेशनल हेराल्ड केस की फाइलें हैं, जो तीन वर्ष से लगभग धूल खा रही थीं और अब दौड़ रही हैं। जिस दिन कांग्रेस का अधिवेशन था, उस दिन राबर्ट वाड्रा ईडी में अलग मामले में तलब थे। इससे पहले सोनिया-राहुल को जून 2014 में समन जारी हुआ, अगस्त 2014 में ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग केस दर्ज किया, दिसंबर, 2015 में कोर्ट ने जमानत दी तथा जून 22 में दोनों से ईडी ने कई दिन पूछताछ की। कांग्रेस कहती रही है कि ईडी सत्ताधारी भाजपा के इशारे पर काम कर रही। इस एंगल पर देखे तो सियासी तौर पर भाजपा किस हद तक जाएगी? जिस तरह आम आदमी पार्टी की जड़ केजरीवाल-सिसौदिया को ध्वस्त करके भाजपा ने दिल्ली जीती है, वही प्रयोग इस बार बिहार,केरल, गुजरात के पहले कांग्रेस पर आजमाया जा रहा है या फाइलें खुलने पर प्रतिक्रिया समझने का इरादा है? वैसे, मामले के दो पक्ष हैं, यदि प्रशासनिक स्तर पर जांच आदि में एक दशक से ज्यादा लग रहा है (या लगाया जा रहा), तो भाजपा राजनीतिक लाभ उठाएगी ही। यदि कांग्रेस कहती है कि यह बिना मनी की लांड्रिग जैसा केस है तो ग्यारह साल में वह भी जल्द जांच-हियरिंग की मांग कर सकती थी या खुद श्वेत पत्र ले आती !



### ठिठकने की मजबूरी

बहरहाल, 25 को जो हो, नए चेहरों पर दांव का मंसूबा व बुजुर्गों को वीआरएस का संदेश भेज चुकी कांग्रेस को इस नए व औचक मोड़ पर ठिठकने की मजबूरी आ सकती है। वह स्लीपर सेल को 'छेड़ने' का काम भी ऐलानिया अंदाज में कर चुकी है, उसका नेतृत्व यह जता व बता चुका है कि यही स्लीपर सेल भाजपा के लिए परोक्ष-अपरोक्ष मदद करता है। कहा जाता है, वायरस को छेड़ा जाए है तो तेजी से सक्रिय हो जाता है। तो क्या, कांग्रेस का नया खतरा स्लीपर सेल को 'छेड़ने' का नतीजा है या उसका गुजरात संकल्प है या टाइमलाइन में जांच एजेंसी द्वारा चार्जशीट पेश करने की बाध्यता..? फिलहाल तो यह सभी कारण संयोग भी लग रहे हैं और दुर्योग भी...?








# भंगार बनी 'जीवनरक्षक'

**भोपाल।** जिला चिकित्सालय यानी जेपी अस्पताल परिसर में दर्जनों एंबुलेंस कंडम और बदहाल स्थिति में सड़ रही हैं। ये एंबुलेंस और त्वरित रिस्पांस की वैन जीवन रक्षक हैं। इनकी सर्विसिंग होती तो ये मरीजों के जीवन बचाने के काम आती हैं। लेकिन अस्पताल परिसर में ये सिर्फ गंदगी बढ़ाने का कार्य कर रही हैं। विभाग इन पर ध्यान नहीं दे रहा है।

### तीन नए विभाग खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी

## अब हमीदिया में नवजातों के हार्ट, सांस और न्यूरो संबंधी बीमारियों का इलाज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शिशु मृत्युदर कम करने के लिए राज्य सरकार ने राजधानी के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल हमीदिया में पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी व नियोनेटोलॉजी विभाग खोलने का निर्णय लिया है। इनमें शिशुओं का हार्ट, श्वसन और न्यूरो संबंधी इलाज होगा। इनमें से पीडियाट्रिक न्यूरोलॉजी विभाग पहली बार प्रदेश के किसी सरकारी मेडिकल कॉलेज में खुलेगा। कार्डियोलॉजी व नियोनेटोलॉजी विभाग पहले से रीवा व ग्वालियर के सरकारी मेडिकल कॉलेज में चल रहे हैं। ये तीनों विभाग शिशुओं की मृत्युदर कम करने में अहम होते हैं, जिनकी संख्या चरणवार प्रदेश के दूसरे मेडिकल कॉलेजों में बढ़ाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि कैबिनेट बैठक में इन विभागों को खोले जाने के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। वजह यह भी है कि मप्र शिशु मृत्युदर में पहले स्थान पर है। यहां पैदा होने वाले 1000 में से 42 शिशुओं की मौत हो जाती है, इसे कम करने की दिशा में यह कदम उठाया गया है। हमीदिया में इन विभागों के लिए 12 नए पदों की स्वीकृति भी दी गई है। इनमें प्राध्यापकों व सह प्राध्यापक के 3-3 पद, सहायक प्राध्यापक के 3 पद एवं सीनियर रेसीडेंट के 3 पद शामिल है।

## 60 हजार बकायादारों से वसूलना है 300 करोड़ रुपए का बिजली बिल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शरह 60 हजार बकायादारों से बिजली कंपनी को 300 करोड़ वसूलना है। बीते वित्तीय वर्ष के आखिरी दिनों में एमडी मध्यक्षेत्र क्षितिज सिंघई ने बताया कि अब बिल जमा न करने वालों के बिजली कनेक्शन काटने जाएंगे। उन्होंने बताया कि शहर में 1900 से ज्यादा बकायादार 1 लाख से अधिक राशि वाले हैं, जबकि दस हजार रुपए से अधिक व एक लाख से कम बकाया राशि वाले 56 हजार के करीब बिजली उपभोक्ता हैं। कंपनी की सूची में शामिल करीब 60 हजार नाम वो हैं जो कहीं कोई बड़ा रसूख नहीं रखते। हालांकि कंपनी जो सूची अपडेट कर रही है उसमें राजनीतिक और प्रशासनिक कार्यालयों का ध्यान में रखा जा रहा। इन्हें भी शामिल कर लें तो बकाया राशि 450 करोड़ रुपए से ज्यादा हो सकती है। कंपनी की सूची में 2.90 लाख उपभोक्ताओं पर दस हजार से कम का बकाया है। बिजली के बकायादारों की सूची अपडेट की जा रही है। काफी बकायादार हैं।

### कॉलोनी के ओपन लैंड पर हो रहे कब्जे, शिकायत के बाद भी नहीं हो रही सुनवाई

## महाबली नगर: बेहाल पार्कों से 3 हजार की आबादी प्रभावित

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

वार्ड 80 में आने वाले महाबली नगर पॉश कॉलोनियों में शुमार हैं। इस कॉलोनी की करीब तीन हजार की आबादी को दोनों पार्कों के बदहाल होने से इन दिनों परेशानी झेलनी पड़ रही है। गर्मियों के इस सीजन में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्गों को हरियाली वाली जगह उपलब्ध नहीं होने के कारण सभी परेशान हो रहे हैं। कॉलोनी के बाल उद्यान में कब्जे, असामाजिक तत्व और गंदगी के कारण सभी परेशान हैं, तो वहीं कॉलोनी के दूसरे पार्क में लापरवाह लोगों के कारण खुले में पार्क की पत्तियां जलाने से अन्य पेड़-पौधे भी इनकी चपेट में आ रहे हैं। साथ ही, धुएं से सभी रहवासी भी दिनभर परेशान होते हैं। यहां पर साफ-सफाई की व्यवस्था भी सही नहीं है। कई-कई दिनों तक साफ सफाई नहीं होती और जब सफाई होती है, तो कचरा उठाने की सही व्यवस्था नहीं है। रहवासियों का कहना है कई जगह सोसायटी की ओपन लैंड पर कुछ लोगों की शय पर खुलेआम कब्जे किए जा रहे हैं। हालांकि इसकी शिकायत कोलार एसडीएम और सहकारिता उपायुक्त को की गई है। इसी तरह, मेन रोड पर बना स्वागत द्वारा तोड़ दिया गया है। इसे बनवाने के लिए भी काम होना चाहिए। यहां के रहवासियों की स्थानीय पार्षद सुनीता गुड्डू भदौरिया और विधायक रामेश्वर शर्मा से अपील है कि वे इस मामले में हस्तक्षेप करके रहवासियों को सुविधाएं प्रदान कराएं।

बताया जाता है कि महाबली नगर के दोनों पार्क को



विकसित करने के लिए करीब 15 लाख का बजट स्वीकृत हो गया है। इसके टेंडर भी हो चुके हैं। यहां पर सेड, सुंदर गेट, पेंटिंग, बाउंड्रीवॉल, साज-सज्जा सहित रखरखाव की कई काम होंगे। रहवासियों की मांग पर लगातार उनकी समस्याएं हल कराई जाएगी। महाबली नगर में एक सावर्जनिक टॉयलेट बनाने की जरुरत है, ताकि लोग बाल उद्यान पार्क में गंदगी ना फैलाएं। मेन रोड पर स्वागत गेट तोड़ दिया गया है। इसके आसपास ओपन लैंड पर कब्जा किया गया है, इसे हटाया जाए।

### 24 घंटे पार्क खुलने से असामाजिक तत्व सक्रिय

रहवासियों के आरोप है कि महाबली नगर में पार्क खुलने और बंद होने का कोई नियम लागू नहीं है। दोनों पार्क 24 घंटे खुले रहते हैं। ऐसे में यहां पर हमेशा असामाजिक तत्व बैठते हैं, जिसके कारण सीनियर सिटीजन, बच्चे और महिलाएं पार्क में जाने से डरते हैं। इतना ही नहीं बाल उद्यान पार्क में खुलेआम लोग टॉयलेट करते हैं। इससे सभी लोग परेशान हो रहे हैं। कई लोगों द्वारा रोजाना मुख्य आवाजाही की सड़क किनारे वाहनों को धोया जाता है, इससे गंदा पानी सड़क पर भरने से सड़क टूट रही हैं। इससे भी सभी रहवासी परेशान होते हैं। इस संबंध में कुछ दिनों पहले मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लेकर नगर निगम प्रशासन को व्यवस्था सुधारने के लिए भी निर्देश दिया था, लेकिन अब तक इस मामले में कोई एक्शन नहीं हुआ।

### प्यास बुझाने सार्वजनिक प्याऊ फेल: पक्के प्याऊ भी नहीं कराए दुरुस्त, गर्मी में लोग हो रहे परेशान

## सार्वजनिक स्थानों पर बने अधिकांश प्याऊ जर्जर व बदहाल

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

गर्मी का असर दिखाई देने लगा है, सार्वजनिक स्थानों पर पानी किल्लत बंद और जर्जर प्याऊ के रूप में देखी जा रही है। गर्मी से परेशान लोगों को देख कॉलोनी, बाजार और सामाजिक संगठन व आम नागरिकों ने घरों के बाहर मटके रख, प्यास बुझाना शुरू कर दिया है, लेकिन प्रशासन अपने जर्जर प्याऊ ही पूरे दुरुस्त नहीं कर पाया है। उनकी टेप्रेरी मटके रखने की व्यवस्था भी ठंडे बस्ते में पढ़ी हुई है।

पुराने शहर में नगर निगम प्रशासन द्वारा जोनस्तर पर व्यवस्था करने वाले जिमेदारों का कहना है कि ×1 मार्च तक तो वह टैक्स वसूली में जुटे हुए थे। अब जर्जर प्याऊ को सुधारने का काम शुरू किया है। पड़ताल में सामने आया कि प्रशासन भी उन प्याऊ को दुरुस्त कर रहा है, जिनमें सीविल वर्क नहीं होना है, जो जर्जर हालात में है उन्हे बंद कर रहा है। शहर में करीब 150 स्थानों पर पानी के प्याऊ तो बने हुए है,लेकिन



10 फीसदी में ही पानी भरा जा रहा है। चालू प्याऊ का पानी भी आसपास के दुकानदार भरकर ले जाते हैं। मुसाफिरों को काम चलाऊ पीने का पानी भी नहीं मिल रहा है।


**पीरगेट चौराहा:** नादरा बस स्टैंड पर निगम के तीन प्याऊ बने हुए है। यहां हजारों की संया में यात्री रोजाना आते हैं,लेकिन पीने के लिए पानी सिर्फ एक प्याऊ बचा हैं। विदिशा साइड के बस स्टॉप के प्याऊ को शनिवार को भी सफाई करके निगम ने भरवाया है। तीसरे प्याऊ की हालात जर्जर देखते हुए उसे बंद कर दिया है। पीरगेट चौराहे पर चाय की दुकान के पास बने प्याऊ में यू तो ठंडे पानी की मशीन लगी है, लेकिन लंबे समय से बंद पड़ा है। उसके आगे अवैध कब्जे बढ़ गए हैं। वहीं आशाराम चौराहे से लगी सुविधा विहार कॉलोनी के लोगों ने राहगीरों के लिए कॉलोनी के बाहर मटके रखवा दिए है। वहीं विवेकानंद कॉलोनी में रहवासी अरविंद सिंघई ने करोद क्षेत्र में मटका रखकर लोगों की जलसेवा शुरू की है।

**यहां भी मिले ये हाल:** हमीदिया अस्पताल के सामने अग्रसेन चौराहे पर बना प्याऊ बंद पड़ा था। उसके नलों की टोटिया तक लोग उखाडकर् ले गए हैं। वहीं जीपीओ रॉयल मार्केट तिराहे पर बना प्याऊ अभिनेता दिलीप कुमार के नाम से है। यह भी बंद होने के साथ बदहाल हालात में है। इसकी ऑड़ में लोग ऑटो पार्क करते हैं।

## 18 को संत प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय में योग महोत्सव

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

भारत सरकार के आयुष विभाग का मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान की अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले '100 दिन, 100 शहर' में योग महोत्सव आयोजित करेगा। भोपाल में इसे आयोजित करने की जिम्मेदारी संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) के संत हिरदाराम प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग महिला महाविद्यालय को मिली है, जो 64 दिन का योग महोत्सव आयोजित करेगा। महोत्सव की जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य, प्रोफेसर डॉ. अंकेश सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम 18 अप्रैल को सुबह 6.30 बजे से 8 बजे तक महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में भोपाल शहर के 800 से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे। शहीद हेमू कालाणी एज्यूकेशनल सोसाइटी के अध्यक्ष, सिद्ध भाऊजी, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा और संगीतमय योग प्रस्तुति भी दी जाएगी।कार्यक्रम के दूसरे भाग में, महाविद्यालय की छात्राओं के लिए ÷रिसर्च मेथोडोलॉजी÷ विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की जाएगी, जिसमें एम्स भोपाल के एडिशनल प्रोफेसर डॉ. वरुण मल्होत्रा और एम्स रायपुर के मेडिकल ऑफिसर डॉ. विक्रम पाई छात्राओं का मार्गदर्शन करेंगे।



**मेट्रो एंकर**

### नवनिध में 'पक्षियों को दाना-पानी' सत्र, बच्चों को दिया पात्र और दाना

## भाऊजी ने बच्चों व अभिभावकों को पढ़ाया करूणा पाठ

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

संत सिद्धभाऊजी ने कहा कि बचपन से ही पशु-पक्षियों के प्रति दया की भावना पैदा करना बहुत महत्वपूर्ण है। यदि हम नियमित रूप से पक्षियों को दाना और पानी देते हैं, तो हमारे घर में सुख, समृद्धि और शांति आती है, और हमें भगवान का विशेष आशीर्वाद भी मिलता है। वे नवनिध विद्यालय में बुधवार को छात्राओं और उनके अभिभावकों के लिए एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें पक्षियों को दाना-पानी देने का महत्व बताया गया। कार्यक्रम की शुरुआत परंपरागत तरीके से दीप प्रज्वलन आराध्य के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ हुई। कार्यक्रम में शहीद हेमू कालाणी एजुकेशनल के सचिव घनश्याम बूलचंदानी भी मौजूद रहे। भाऊजी ने माता-पिता से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को इस नेक काम के लिए प्रोत्साहित करें और सेवा की भावना को उनके व्यक्तित्व का एक हिस्सा बनाएं। उन्होंने यह भी कहा कि जो बच्चे पशु-पक्षियों के प्रति संवेदनशील होते हैं, उनमें स्वाभाविक रूप से करुणा विकसित होती है, और वे मांसाहार से दूर रहते हैं। भाऊजी ने छात्राओं को पक्षियों के लिए सकोरे और दाना दिया, ताकि वे नियमित रूप से इस सेवा को घर पर कर सकें। स्कूल की प्रिंसिपल अमृता मोटवानी ने माता-पिता से आग्रह किया कि वे इन युवा लड़कियों में अच्छे संस्कार विकसित करने के लिए स्कूल द्वारा आयोजित ऐसे कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लें। उन्होंने माता-पिता को आगामी सत्र आरती का महत्व के बारे में भी बताया। समन्वयक रीटा आहूजा ने एक प्रेरक कहानी के माध्यम से बच्चों को बताया, जिस तरह माता-पिता बच्चों की देखभाल करते हैं, उसी तरह पशु-पक्षियों की सेवा करना भी हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।÷ सत्र के अंत में, छात्रों ने पशु-पक्षियों की सेवा को अपने जीवन का एक हिस्सा बनाने और इसे नियमित रूप से करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन मीनल सिंह ने तथा प्रियंका कपूर ने आभार व्यक्त किया।



## घरेलू गैस सिलेंडर से दौड़ा रहे आधा दर्जन वाहन जब्त

**भोपाल।** शहर की सड़कों पर अनधिकृत तरीके से घरेलू गैस सिलेंडर का इस्तेमाल वाहनों को चलाने के लिए किया जा रहा है। परिवहन विभाग उड़न दस्ते की औचक जांच में आधा दर्जन वाहनों को घरेलू गैस सिलेंडर से चलाते हुए पकड़ा गया। गर्मी में वाहनों में आग लगने की घटनाओं की रोकथाम के लिए शहर की सड़कों पर फ्लाइंग स्क्वायड औचक तरीके से ईंधन के स्रोत की जांच कर रही है। घरेलू गैस सिलेंडर से संचालित लगभग 6 वाहनों को जब्त किया गया है। वाहन मालिकों द्वारा किसी प्रकार का कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया गया। इसके बाद मध्य प्रदेश मोटर यान अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत इन पर 18 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

# दो करोड़ रु. लीटर दूध रोज खरीदने की तैयारी

– खेती, किसानी को लाभ का धंधा बनाने के लिए मिशन

– केंद्रीय मंत्री शाह की नसीहत के बाद दूध खरीदी का लक्ष्य भी बढ़ा

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

मप्र सरकार ने युवा, नारी व गरीब कल्याण मिशन के बाद जो अन्नदाता मिशन हाथ में लिया है, उसके लक्ष्यों को हासिल करने के लिये प्रशासनिक स्तर पर सरगर्मी है। दरसअसल मिशन में 26 हजार गांवों में सहकारी दुग्ध उत्पादन समितियां खोलने का लक्ष्य है। इनके जरिए पहले साल के अंत तक रोजाना 50 लाख लीटर व अगले 5 साल में 2 करोड़ लीटर दूध खरीदा जाएगा। बताया जाता है कि सहकारी समितियों के जरिए सरकार व राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड मिलकर कार्य करेगा। इससे उपभोक्ताओं को सस्ता दूध और किसानों को अधिक दाम मिल मिलेंगे। गौरतलब है कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 13 अप्रैल को रवींद्र भवन में दूध खरीदी के लक्ष्य को बढ़ाने की सलाह दी थी, जिसके तहत मिशन में सरकार ने इसे शामिल कर लिया है। पहले एनडीडीबी व सरकार ने 9 हजार सहकारी समितियों से रोजाना 24 लाख लीटर दूध खरीदी का लक्ष्य रखा था। मिशन के तहत फसल बीमा कवरेज को बढ़ाकर 50 फीसद किया जाएगा। यहीं नहीं बल्कि मिशन के तहत तीन साल में सरकार 3 लाख को सोलर पंप देने की तैयारी में है तथा 3.35 लाख हेक्टेयर में माइक्रो सिंचाई का विस्तार किया जाएगा। मिशन का लक्ष्य किसानों की आय में वृद्धि और फसलों को उचित दाम दिलाना भी है।



### फिर सड़कों को गौवंश मुक्त रखने का वादा

सरकार ने निर्णय लिया कि प्रत्येक गोवंश विहार और नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में गोवंश के लिए पहली बार हेल्थ यूनिट शुरू की जाएगी। साथ ही सड़कों पर गोवंश की मौजूदगी शून्य करने जैसा बड़ा निर्णय भी लिया है। इसके लिए एक बड़ा नेटवर्क तैयार कियाा जाएगा

### मिशन पर नजरें रखने हाइपावर कमेटियां

– मिशन परिणाम मूलक बनाने केल लिए तीन स्तर पर निगरानी होगी। मध्यप्रदेश किसान कल्याण मिशन की साधारण सभा की अध्यक्षता मुख्यमंत्री करेंगे। कृषि मंत्री समेत केंद्र व राज्य के 16 अधिकारी सदस्य होंगे।

– प्रदेश स्तर पर मध्यप्रदेश किसान कल्याण मिशन की कार्यकारिणी समिति होगी, जिसके अध्यक्ष मुख्य सचिव होंगे। जबकि 13 अधिकारी सदस्य होंगे।

– जिला स्तर पर कलेक्टर के निर्देशन में गवर्निंग बोर्ड व समितियां काम करेंगी।

प्रदेश के 10 लाख कर्मचारियों को है बकाया एरियर का इंतजार

# भत्तों का पुनर्निर्धारण, लेकिन हजारों करोड़ के एरियर का हिसाब नहीं

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

मोहन सरकार ने पिछली बार गृह–भाड़ा जैसे भत्तों का पुनर्निर्धारण करने का ऐलान तो कर दिया लेकिन हजारों करोड़ के बकाया एरियर का हिसाब नहीं है। यह एरियर पूर्व की सरकारों के समय का है, जिसकी मांग वर्षों से होती रही है। किसी भी सरकार ने इसका आकलन नहीं कराया। इसकी वजह से 10 लाख से अधिक नियमित व निगम मंडलों के अधिकारी, कर्मचारी परेशान है।

### सरकार पर ऐसे बढ़ा एरियर

कर्मचारी संगठनों के प्रमुखों का कहना है कि बीते कई वर्षों से ऐसा होता आया है जब पूर्व की सरकारों ने केंद्र द्वारा अपने कर्मचारियों को देय तिथि से राज्य के कर्मचारियों को राज्य सरकार ने डीए का लाभ नहीं दिया। यह लाभ 6 से 8 महीने की देरी से दिया गया। कुछ मौके तो ऐसे भी आए, जब एक–एक साल के अंतर से यह लाभ मिला। वास्तविक देय तिथि से लेकर लाभ दिए जाने वाली तिथि के बीच डीए की राशि व उस पर लगने वाले ब्याज की राशि में ही एरियर का अंश समाया हुआ है, जो हजारों करोड़ में हो चुका है।

### केंद्र की तुलना में 5 फीसद डीए कम



वहीं राज्य के कर्मचारियों को केंद्र की तुलना में 5 फीसद डीए कम मिल रहा है, जिसके बढ़ने का लंबे समय से इंतजार किया जा रहा है।

### 10 फीसद तक की है गृहभाड़ा जैसे 10 तरह के भत्तों में बढ़ोतरी

सरकार ने कुछ समय पूर्व ही कर्मचारियों के लिए परिवहन व मकान भाड़ा समेत 10 तरह के भत्तों में बढ़ोतरी की है। अभी लाभ मिलना शुरू नहीं हुआ है। यह बढ़ोतरी सातवें वेतनमान के आधार पर नए सिरे से की है, जो कि 5 से 10 फीसद तक होगी। सरकार का दावा है कि इस पर 1500 करोड़ का सालाना खर्च आएगा। इसे भत्तों के पुनर्निर्धारण नाम दिया है। सातवें वेतनमान में देय मूल वेतन के आधार पर ए-श्रेणी के नगरों में रहने वाले कर्मचारियों को गृह भाड़ा भत्ता में 10 फीसद, बी- श्रेणी के नगरों में रहने वाले कर्मचारियों को 7 फीसद, सी व डी श्रेणी के नगरों में रहने वाले कर्मचारियों के लिए 5 फीसद की बढ़ोतरी की है। दैनिक भत्ता, मील भत्ता, ठहरने की पात्रता, प्रदेश के बाहर यात्रा के दौरान स्थानीय परिवहन, ट्रांसफर पर घरेलू समान का परिवहन एवं स्थानांतरण अनुदान, स्थायी यात्रा भत्ता में मूल्य सूचकांक के आधार पर बढ़ोतरी की है। अतिरिक्त काम के लिए दोहरा भत्ता दिया जाएगा। राज्य शासन के पात्र चिकित्सकों और चिकित्सा शिक्षकों को देने वाला अव्यावसायिक भत्ता, सचिवालयीन भत्ता एवं मंत्रालयीन अधिकारियों के लिए विशेष भत्ता मिलेगा। कर्मचारियों की मौत पर परिवार को देय अनुग्रह अनुदान वर्तमान में निर्धारित पात्रता का 2.57 गुणक के आधार पर अधिकतम 1 लाख 25 हजार रुपए दिए जाएंगे। मंत्रालय भवन में संचालित वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली संचालनालय एवं राज्य सत्कार अधिकारी कार्यालय में पदस्थ शासकीय सेवकों को भी मंत्रालय के समकक्ष अधिकारियों के समतुल्य मंत्रालय भत्ता दिया जाएगा।

मप्र में आनंद ग्राम की संख्या बढ़ेगी

# पंचगनी में अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए आनंद शिविर लगेगा

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

लोगों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए ग्राम स्तर पर अधिक से अधिक आनंद ग्राम स्थापित किए जाएंगे। वहीं राज्य आनंद संस्थान द्वारा शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए पंचगनी, महाराष्ट्र में 22 से 25 अप्रैल तक चार दिवसीय आनंद शिविर का आयोजन किया जाएगा।यह बात राज्य आनंद संस्थान के निदेशक प्रवीण कुमार गंगराड़े ने आनंद क्लब सदस्यों, आनंदम सहयोगियों एवं आनंदकों की समीक्षा बैठक में कही जो खरगोन में हुई। गंगराड़े ने कहा कि खरगोन जिले में आनंद विभाग की गतिविधियां सराहनीय हैं, लेकिन अभी और संभावनाएं हैं। उन्होंने स्वयं आनंदित रहते हुए दूसरों को भी आनंद संस्थान से जोड़ने की अपील की। विशेष रूप से आनंद, अल्पविराम जैसी गतिविधियों को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए हेप्पीनेस वालंटियर्स की भूमिका को उन्होंने महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने बताया कि राज्य आनंद संस्थान द्वारा आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी भोपाल में आनंद की ओर सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों पर आधारित था। इसका उद्देश्य प्रतिभागियों को एक आनंदमयी जीवन शैली अपनाने के लिये प्रेरित करना रहा।



### छात्रों के लिए काउंसलिंग कल

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।** शासकीय मौलाना आजाद सेंट्रल लाइब्रेरी में शुक्रवार को छात्र-छात्राओं के लिए यूपीएससी एवं एमपीपीएससी काउंसलिंग का आयोजन किया जाएगा। जिसमें अनुभवी करियर काउंसलर हर छात्र की वन-टू-वन काउंसलिंग करेंगे। सेंट्रल लाइब्रेरी से रचित मालवीय ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य उन छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान करना है, जो आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। इसके अलावा, जो छात्र इस साल यूपीएससी एवं एमपीपीएससी में असफल रहे हैं, उन्हें फिर से अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए केवल 20 सीटें उपलब्ध हैं। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए छात्र सेन्ट्रल लाइब्रेरी के नंबर पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

# छठवीं के बस्ते में 20 कॉपी-किताबें, बोझ से बिगड़ने लगी बच्चों की सेहत

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

राजधानी के निजी स्कूलों में बच्चों के बस्तों का वजन तय सीमा से ज्यादा है। केजी वन में किताबों की संख्या दस और इससे ज्यादा है। वहीं कक्षा छठवीं के कोर्स में 23 कॉपी और किताबें शामिल कर दी गई। इनका वजन तय सीमा से दोगुना है। गर्मी में इस बोझ से बच्चों के शारीरिक विकास के साथ मानसिक स्थिति पर असर हुआ। अभिभावकों ने इसकी शिकायत की। राजधानी सहित प्रदेश के सभी निजी स्कूलों में कक्षाएं लग रही है। एक अप्रेल से इसकी शुरुआत हुई। स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों को निर्देश जारी करते हुए एनसीईआरटी किताबों को अनिवार्य किया। गर्मी में स्कूलों का समय तो कम हुआ, लेकिन किताबों की जांच नहीं। भारी बस्ते लेकर बच्चे स्कूल जा रहे हैं। कई मामले जिनके कारण उनकी सेहत पर बुरा असर पड़ा। मामले लगातार बढ़ रहे हैं।

**पांचवीं तक ढाई किलो, प्रदेश में तय है बस्ते का वजन:** प्रदेश देश के उन राज्यों में है जहां कक्षाएं वार बस्तों का वजन निर्धारित हुआ। इसके तहत पांचवीं कक्षा तक बस्ते का वजन ढाई किलो से ज्यादा नहीं होना चाहिए। बस्तों के वजन को लेकर अभिभावकों ने शिकायत की। उनका कहना है बच्चे बीमार हो रहे है। गर्मी में भारी बोझ लेकर जाना पड़ रहा है। जांच के लिए कोई नियम ही नहीं। एनसीईआरटी की किताबों का नियम है। इनके मुताबिक बस्ते का वजन सीमा में रहता। इसके लिए जांच कराई जाएगी। उल्लंघन मिलने पर कार्रवाई होगी।

# पाठ्यचर्या की रूपरेखा होगी तैयार, कार्यशाला में मिलेगा प्रशिक्षण

### नैतिक शिक्षा जैसे उद्देश्य बिंदुओं पर होगा मंथन

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

राज्यस्तरीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा निर्माण के लिये 3 दिवसीय कार्य शाला का शुभारंभ मध्यप्रदेश पाठ्य पुस्तक स्थायी समिति के अध्यक्ष अलकेश चतुर्वेदी ने किया। कार्यशाला में बच्चों का सर्वांगीण विकास, कौशल विकास और आध्यात्मिक और नैतिक शिक्षा जैसे उद्देश्य बिंदुओं पर विचार मंथन के बाद प्राप्त सुझावों को राष्ट्रीय पाठ्यचर्या समिति को प्रेषित किया जाएगा। इसके बाद राज्य की पाठ्यचर्या का निर्माण भी किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये टास्क फोर्स का गठन किया है। कार्य शाला में 11 कार्य समूहों का गठन किया गया है। इसमें राष्ट्रीय पाठ्यचर्या निर्माण समिति के प्रतिनिधि, प्रदेश पाठ्य पुस्तक स्थायी समिति के सदस्यगण, राज्य शिक्षा केंद्र विषय समन्वयक एवं अन्य सहयोगी संस्थाएं के विषय विशेषज्ञ सहभागिता कर रहे हैं। कार्य शाला में हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, संस्कृत और शिक्षा शास्त्र जैसे विषयों के संबंध में विशेषज्ञों के सुझाव प्राप्त किये जायेंगे।

### 18 को जीवन प्रबंधन की राह दिखाएंगे मैनेजमेंट गुरु रघुरमन

**भोपाल।** आरोग्य भारती भोपाल द्वारा आयोजित मासिक प्रबोधन कार्यक्रम में इस बार देश के सुप्रसिद्ध मैनेजमेंट गुरु एन. रघुरमन' मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करेंगे। वे 'स्वास्थ्य प्रबंधन से जीवन प्रबंधन' विषय पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत करेंगे। यह आयोजन 18 अप्रैल शाम 5 बजे भोपाल के ''अपेक्स बैंक स्थित समन्वय सभागृह' में होगा। कार्यक्रम की 'अध्यक्षता मप्र शासन के प्रमुख सचिव (स्वास्थ्य) एवं वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संदीप यादव' करेंगे, जबकि 'आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ. अशोक कुमार वार्ष्णेय' सारस्वत वक्ता के रूप में मंच पर उपस्थित रहेंगे। बता दें कि देश के लोकप्रिय कॉलम मैनेजमेंट फंडा के लेखक, एन. रघुरमन', प्रबंधन के गूढ सिद्धांतों को आम आदमी की भाषा में सरलता से समझाने के लिए जाने जाते हैं। वे देश-विदेश की अनेक संस्थाओं को नेतृत्व, संगठन निर्माण और कार्य-जीवन संतुलन पर मार्गदर्शन दे चुके हैं। उनकी दृष्टि स्वास्थ्य को केवल शरीर तक नहीं, बल्कि मानसिक, सामाजिक और व्यावसायिक जीवन से जोड़ती है।




## संपादकीय

# बढ़ रहा भारत का वैश्विक दबदबा

इसे भारत के बढ़ते वैश्विक दबदबे का ही परिणाम माना जाना चाहिये कि मुंबई हमले के मास्टरमाइंड आतंकवादी तहव्वुर राणा के बाद अब पंजाब नेशनल बैंक के साथ 13,500 करोड़ रुपये का लोन घोटाला करने के मुख्य आरोपी मेहुल चोकसी की बेल्जियम में गिरफ्तारी और प्रत्यर्पण की कार्रवाई शुरू हो गई है। हाल में कुछ ही दिन पहले जब मुंबई आतंकी हमले के गुनहगार तहव्वुर राणा को प्रत्यर्पण के बाद भारत लाया गया था,तब भारत का असर साफ नजर आ गया था अब हाल में यह दूसरी बड़ी सफलता चोकसी के रूप में मिली है। हालांकि राणा की तरह चोकसी को भारत लाने की राह को आसान बनाने के लिये भारत को अभी कुछ और ताकत लगानी होगी। वैसे मेहुल और उसके भांजे नीरव मोदी ने भारतीय बैंकिंग सिस्टम की खामियों और अंदर तक फैले भ्रष्टाचार का फायदा उठाकर इतना बड़ा घोटाला किया है। जब तक इसका पता चलता, सुरक्षा एजेंसियां उन तक पहुंचतीं, दोनों देश छोड़कर भाग चुके थे। जनवरी 2018 में उनके फरार होने से लेकर अभी तक सात 7 साल और करीब 4 महीने के दरम्यान दोनों को लेकर अलग-अलग खबरें आती रहीं। इस दौरान प्रत्यर्पण के कई प्रयास हुए, और अब भी चल रहे हैं, लेकिन सफलता नहीं मिली थी। अब चूंकि बेल्जियम सरकार ने उसे पकडा है तो जाहिर है कि भारत को उसे सौंपा भी जाएगा। मेहुल और उसके वकीलों ने अभी तक अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों का अपने हिसाब से खूब दुरुपयोग किया है। मई 2021 में जब वह डोमिनिका में गिरफ्तार हुआ था तब भारतीय एजेसियां उसे वापस लाने के बिल्कुल करीब पहुंच गई थीं। लेकिन, उस समय भी उसने कानूनी पेचीदगियों का फायदा उठाया। तब उसकी तरफ से कहा गया था कि वह एंटीगुआ का नागरिक है और चूंकि एंटीगुआ व भारत के बीच प्रत्यर्पण संधि नहीं है, इसलिए उसे नई दिल्ली के हवाले नहीं किया जा सकता। उसका यह भी आरोप था कि भारतीय एजेंसियों के इशारे पर उसे एंटीगुआ से अगवा करके डोमिनिका लाया गया। इन्हीं पेंच ने उसे बचा लिया था। लेकिन अब बेल्जियम के साथ तो भारत की प्रत्यर्पण संधि है,इसलिये उम्मीद बंधती है। मगर डोमिनिका में जो हुआ, वह एक बार फिर भारत के सामने मुश्किलें खड़ी कर सकता है। तब चोकसी के आरोपों ने भारत के पक्ष को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कमजोर किया था। यहां तक कि बाद में इंटरपोल ने अपना रेड कॉर्नर नोटिस भी वापस ले लिया था। प्रत्यर्पण को लेकर यूरोपीय देशों का रवैया बेहद सख्त है। जब तक उन्हें तसल्ली न हो जाए कि आरोपी को निष्पक्ष सुनवाई का मौका मिलेगा, तब तक वे किसी को प्रत्यर्पित नहीं करते। मेहुल चोकसी के मामले में बेल्जियम को भरोसा दिलाना होगा कि उसका किया घोटाला बेहद गंभीर है, और उसे भारतीय कानूनों के अनुसार सजा जरूर मिलनी चाहिए। भारत को बेल्जियम के साथ अपने रिश्ते के प्रभाव का इस्तेमाल करने से भी नहीं चूकना चाहिए, वैसे माना जा रहा है कि भारत सरकार इस और पूरा जोर लगा रही है,लेकिन यह भी कहा जा रहा है कि बेहद खराब स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर चौकसी बेल्जियम पुलिस की गिरफ्त से छूट सकता है। मेहुल की पत्नी के पास बेल्जियम की नागरिकता बताई जा रही है, इस बार यदि ऐसा हुआ तो फिर भारत को नये सिरे से प्रयास करने होंगे। नीरव मोदी या मेहुल चौकसी और विजय माल्या ऐसे नाम हैं जो करोडों रूपये की चपत लगातार विदेश में रह रहे हैं। इनके कारनामें उभरने पर भारत की राजनीति में भी कई बार उबाल आ चुका है और सरकार पर कई आरोप भी लग जाते हैं। सरकार भी समझती है कि इस बार कोई कसर छूटी तो फिर वही हालात बनेंगे।

# बेहाल वृद्धों के लिये आयोग बनना एक सराहनीय कदम

**■ ललित गर्ग**

केरल भारत का पहला राज्य बन गया है जिसने वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयोग स्थापित करने के लिए एक कानून पारित किया है। यह एक सराहनीय एवं स्वागत योग्य पहल होने के बावजूद एक बड़ा सवाल भी खड़ा करती है कि आखिर भारत के बुजुर्ग इतने उपेक्षित एवं प्रताड़ित क्यों है? केरल जैसे शिक्षित राज्य में ही इस आयोग को बनाने की जरूरत क्यों सामने आयी? केरल में क्यों सामाजिक सुरक्षा, स्नेह, सुरक्षा की वह छांव लुप्त होती जा रही है, जिसमें बुजुर्ग खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें। क्यों केरल में ही बुजुर्ग सर्वाधिक अकेलेपन एवं एकाकीपन का संत्रास झेलने को विवश हो रहे है? केरल में कई बुजुर्ग लोगों को युवा पीढ़ी के हाथों गरीबी और दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ रहा है। इस प्रांत में कई गांव ऐसे हैं जहां केवल बुजुर्ग ही बचे हैं, प्रश्न है कि ऐसा क्यों हो रहा है? यूं तो समूचे देश में बुजुर्गों की लगभग यही स्थिति बन रही है, जो सामाजिक व्यवस्था पर एक बदनुमा दाग है।

केरल योजना बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, दक्षिणी राज्य पूरे भारत की तुलना में अधिक तेजी से वृद्ध हो रहा है। 1961 में, केरल में 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की संख्या कुल जनसंख्या का 5.1 प्रतिशत थी, जो राष्ट्रीय औसत 5.6 प्रतिशत से थोड़ा कम थी। हालांकि, 1980 के दशक तक, राज्य ने बाकी राज्यों को पीछे छोड़ दिया। 2001 तक यह हिस्सा बढ़कर 10.5 प्रतिशत हो गया, जबकि राष्ट्रीय औसत 7.5 प्रतिशत था। 2011 में यह 12.6 प्रतिशत था, जबकि राष्ट्रीय औसत 8.6 प्रतिशत था। केरल के योजना बोर्ड के अनुसार, 2015 में यह बढ़कर 13.1 प्रतिशत हो गया, जबकि राष्ट्रीय औसत 8.3 प्रतिशत था। अब, दक्षिणी राज्य में 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के लगभग 4.8 मिलियन लोग हैं। इसके अलावा, बुजुर्ग समूह का 15 प्रतिशत 80 वर्ष से अधिक आयु का है, जो इसे बुजुर्ग लोगों के बीच सबसे तेज़ी से बढ़ने वाला आयु समूह बनाता है। 60 से अधिक आयु वर्ग में पुरुषों की तुलना में महिलाओं की संख्या अधिक है और उनमें से अधिकांश विधवाएं हैं। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने बुधवार को पारित इस कानून की सराहना करते हुए कहा कि यह नया आयोग बुजुर्गों के अधिकारों, कल्याण और पुनर्वास पर ध्यान केंद्रित करेगा।

देश में बुजुर्गों की हालत दिन-ब-दिन जटिल होती जा रही है। केरल देश के सबसे शिक्षित राज्यों में शुमार होता है तो बुजुर्गों के प्रति बरती जा रही उपेक्षा, उदासीनता एवं प्रताड़ना में भी सबसे आगे है। लगभग 94 फीसदी साक्षरता वाले इस राज्य में बुजुर्ग



शिक्षित युवाओं के पलायन का संत्रास झेल रहे हैं। राज्य के करीब 21 लाख घरों में युवाओं के पलायन करने के कारण सिर्फ बुजुर्ग बचे हैं। गांव के गांव पलायन का दंश झेलते हुए वीरान हो चुके हैं। लाखों घरों में सिर्फ ताले लटके नजर आते हैं। खाड़ी के देशों में जाकर सुनहरा भविष्य तलाशने की होड़ में इसी प्रांत के सर्वाधिक युवा है। भले ही इस प्रांत ने सर्वाधिक शिक्षा से प्रगतिशील सोच दी है, लेकिन अंतहीन भौतिक लिप्साओं को भी जगाया है, जिससे ही बुजुर्गों की उपेक्षा या उनको उनके हाल पर छोड़ देने की विकृत मानसिकता एवं त्रासदी उभरी है। वृर्द्धों की उपेक्षा देशभर में देखने को मिल रही है, हाल के वर्षों में केरल के बाद पंजाब-हरियाणा में भी नजर आ रही है। वैसे तो यह हमारे नीति-नियंताओं की नाकामी का भी परिणाम है कि हम युवाओं को उनकी योग्यता-आकांक्षाओं के अनुरूप रोजगार देश में नहीं दे पाए। उन्हें न अपनी जन्मभूमि का सम्मोहन रोकता है और न ही यह फिक्र कि उनके जाने के बाद बुजुर्ग माता-पिता का क्या होगा? एकाकीपन का त्रास झेलते केरल के इन गांवों में बुजुर्गों के पास पैसा तो है मगर समाधान नहीं है। कुछ वृद्धों के पास तो धन का अभाव भी इस समस्या को विकराल रूप दे रहा है। राज्य में वृद्ध लोगों की संख्या बढ़ने के साथ ही बुजुर्गों के अधिकारों पर लगातार हमले हो रहे हैं।

भारत में बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार, उपेक्षा एवं उदासीनता एक बढ़ती चिंता का विषय है, उनका एकाकीपन एवं अकेलापन उससे बड़ी समस्या है। केरल के वृद्ध-संकट को महसूस करते हुए वहां की सरकार ने वरिष्ठ नागरिक आयोग बनाया है, जो एक सूझबूझभरा कदम है। लेकिन यह वक्त बताएगा कि भ्रष्ट अफसरशाही व घुन लगी व्यवस्था में ये आयोग कितना कारगर होगा? लेकिन फिर भी जिस राज्य में हर पांचवें घर से एक व्यक्ति विदेश चला गया है, वहां ऐसा आयोग एक सीमा तक तो समस्या के समाधान की दिशा में रोशनी बनेगा। जरूरत है सरकारी अधिकारी संवेदनशीलता एवं इंसानियत से बुजुर्गों की समस्याओं का समाधान करने के लिये आगे आये। केरल की सामाजिक न्याय मंत्री आर. बिंदु के अनुसार आयोग समृद्ध और निम्न आय वाले दोनों ही परिवारों के वृद्ध व्यक्तियों के शोषण की समस्या का महत्वपूर्ण समाधान करेगा। जो वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल, उनकी गरिमा, कल्याण और जीवन की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए आवश्यक है। उम्र बढ़ने के साथ-साथ लोगों को अक्सर स्वास्थ्य में गिरावट, अकेलेपन और वित्तीय असुरक्षा जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। आवश्यक सहायता प्रदान करने से अधिक समावेशी और दयालु समाज बनाने में मदद मिलती है।

निस्संदेह, बुजुर्गों की आवश्यकताएं सीमित होती हैं। लेकिन उनका मनोबल बढ़ाने की जरूरत है। सबसे ज्यादा जरूरी उनकी स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं दूर करना है। बेहतर चिकित्सा सेवा व घर-घर उपचार की सहज उपलब्धता समस्या का समाधान दे सकती है। वैसे अकेले रह रहे बुजुर्गों को भी इस दिशा में पहल करनी होगी। सामाजिक सक्रियता एवं मनोबल इसमें सहायक बनेगा। नीति-नियंताओं को सोचना होगा कि अगले दशकों में देश युवा भारत से बुजुर्गों का भारत बनने वाला है। वर्ष 2050 तक भारत में साठ साल से अधिक उम्र के 34.7 करोड़ बुजुर्ग होंगे। क्या इस चुनौती से निपटने को हम तैयार हैं? क्या केरल की तरह अन्य राज्यों की सरकारें एवं केन्द्र सरकार लगातार बुजुर्गों से जुड़ी समस्याओं के लिये ठोस कदम उठायेगी? वसुधैव कुटुम्बकम् की बात करने वाला देश एवं उसकी नवपीढ़ी आज एक व्यक्ति, एक परिवार यानी एकल परिवार की तरफ बढ़ रहे हैं, वे अपने निकटतम परिजनों एवं माता-पिता को भी बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं, उनके साथ नहीं रह पा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी गतदिनों हाईकोर्ट के अनेक फैसलों को पलटते हुए सराहनीय पहल की है। जिनमें अब बुजुर्ग माता-पिता से प्रॉपर्टी अपने नाम कराने या फिर उनसे गिफ्ट हासिल करने के बाद उन्हें यूं ही छोड़ देने, वृद्धाश्रम के हवाले कर देने, उनके जीवनयापन में सहयोगी न बनने की बढ़ती सोच पर विराम लगेगा, क्योंकि यह आधुनिक समाज का एक विकृत चेहरा है।

संयुक्त परिवारों के विघटन और एकल परिवारों के बढ़ते चलन ने वृद्धों के जीवन को नरक बनाया है। बच्चे अपने माता-पिता के साथ बिल्कुल नहीं रहना चाहते। ऐसे बच्चों के लिए सावधान होने का वक्त आ गया है, सुप्रीम कोर्ट ने इसको लेकर एक ऐतिहासिक फैसला में कहा है कि अगर बच्चे माता-पिता की देखभाल नहीं करते हैं, तो माता-पिता की ओर से बच्चों के नाम पर की गई संपत्ति की गिफ्ट डीड को रद्द किया जा सकता है। यह फैसला माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम के तहत दिया गया है, जिससे वृद्धों की उपेक्षा एवं दुर्व्यवहार के इस गलत प्रवाह को रोकने में सहयोग मिलेगा। नये विश्व की उन्नत एवं आदर्श संरचना बिना वृद्धों की सम्मानजनक स्थिति के संभव नहीं है। वर्किंग बहुओं के ताने, बच्चों को टहलाने-घुमाने की जिम्मेदारी की फिक्र में प्रायः जहां पुरुष वृद्धों की सुबह-शाम खप जाती है, वहीं वृद्ध महिला एक नौकरानी से अधिक हैसियत नहीं रखती। यदि इस तरह परिवार के वृद्ध कष्टपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहे हैं, रुग्णावस्था में बिस्तर पर पड़े कराह रहे हैं, भरण-पोषण को तरस रहे हैं तो यह हमारे लिए वास्तव में लज्जा एवं शर्म का विषय है। ऐसे शर्म को धोने के लिये ही केरल सरकार का वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयोग बनाना एवं सुप्रीम कोर्ट का संवेदनशील होना एक उजाला बना है, जिससे जीवन की संध्या को कष्टपूर्ण होने से निजात मिलने की उम्मीदें जगी है।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

# दूसरों की जय से पहले, खुद की जय करें

**■ नमिता जोशी**

गुड्डी फिल्म का वो प्यारा सा प्रार्थना गीत - 'हमको मन की शक्ति देना, मन विजय करें, दूसरों की जय से पहले, खुद को जय करें' कोई यूंही नहीं लिखा गया था। ये लाइन सुनते ही जैसे मन के किसी कोने में हलचल सी मच जाती है। इतनी सरल भाषा में एक गहरी बात कह दी गई है कि जब तक खुद को न पहचानो, खुद से न जीतो, तब तक किसी और को सच्चा सम्मान भी नहीं दे सकते। इसी भाव को ही मन के रहस्यों को समझने वाले महान मनोवैज्ञानिक कार्ल यंग गंभीर लेकिन सटीक शब्दों में कहते हैं - The privilege of a lifetime is becoming who you truly are. यानी सबसे बड़ी उपलब्धि है खुद को पहचानना और अपनाना। लेकिन दिक्कत यह है कि खुद को अपनाना कोई इंस्टा स्टोरी नहीं है, जिसे फिल्टर लगा कर पोस्ट कर दो, बल्कि यह एक थकाऊ और अकेला सफर है। ऐसा सफर जिसमें हर मोड़ पर लोग पूछते हैं - 'तू स्वार्थी कब से हो गया या हो गई?'

असल में, खुद को समय देना, अपनी ज़रूरतें समझना और 'ना' कहना ये सब इतने नए और अजीब से लगते हैं जैसे गांव में रहने वाली दादी को OTT चलाना सिखाना। खासकर अपने यहां की महिलाओं के लिए, जिन्हें बचपन से सिखाया गया है कि उनका धर्म है सेवा, त्याग और दूसरों की उम्मीदों पर खरा उतरना। ऐसी परवरिश के बाद जब वे थोड़ी देर के लिए अपने मन की सुनने लगती हैं, तो उन्हें खुद ही शर्म आने लगती है या अपराध बोध यानी गिल्ट होने लगता है - 'ओह, क्या मैं ज़्यादा सोच रही हूं खुद के बारे में?' कार्ल यंग के मुताबिक यही तो समस्या है। समाज ने ऐसा guilt-packaging किया है कि 'खुद के लिए जीना' भी एक lu&ury guilt बन गया है। लेकिन यंग इस guilt-tripping की पोल खोलते हैं। उनका कहना है कि जब आप अपने लिए खड़े होते हैं, अपनी सीमाएं तय



करते हैं और वह करते हैं जो सच में आपको सुकून देता है, तो वहीं से आपकी emotional maturity की शुरुआत होती है। यह 'individuation' कहलाता है - यानी धीरे-धीरे अपने पूरे और प्रामाणिक स्वरूप की ओर बढ़ना। इसमें हमारी shadow यानी वह पहलू भी शामिल होते हैं जिन्हें हम सालों से दबाए घूमते हैं - वह गुस्सा, वे अधूरी इच्छाएं, वे डर जो हमने समाज की डांट से बचने के लिए दराज़ में बंद कर दिए थे।लेकिन यह प्रोसेस आसान नहीं है। क्योंकि समाज को आपकी चुप्पी पसंद है, आपकी 'हाँ' सुनाई देती है और आपकी 'ना' खटकती है। जब आप अपनी ज़रूरतों के लिए खड़े होते हैं, तो आपके आसपास के लोग चौंक जाते हैं जैसे किसी ने टीवी के बीच में Wi-Fi बंद कर दिया हो। 'ये तुम्हें क्या हो गया है?' से लेकर 'तुम अब वैसी नहीं रही' तक के ताने मुफ्त में मिलने लगते हैं। और यही वह मोड़ है जहां लोग या तो दोबारा अपनी 'सेवा मोड' पर लौट जाते हैं, या थोड़ा वक्त लेकर सोचते हैं - 'मुझे भी ऑक्सीजन चाहिए!' हां, वही ऑक्सीजन मास्क वाला सिद्धांत, जो एयर होस्टेस हर उड़ान से पहले हमें बताती है कि प्लेन में हवा का दबाव कम होते ही आप पहले अपना मास्क पहनिए, फिर दूसरों की मदद कीजिए। क्या ही बढ़िया रूपक है जिंदगी के लिए! खुद का दम घुटेगा तो दूसरों के लिए क्या खाक कर पाएंगे कुछ? जी हां, सच यही है कि अगर आप खुद को लगातार नज़रअंदाज़ करते रहेंगे और पूरा फोकस दूसरों की खुशी, दूसरे की ज़रूरतें, दूसरों की उम्मीदें पूरी करने में लगा रहेगा तो एक दिन आपकी बैटरी डाउन हो जाएगी। सामने वाला तो आपसे अपनी उम्मीदें बढ़ाता रहेगा, वह खुश कभी नहीं होगा आपसे और न ही अहसान मानेगा कि आपने उसके लिए जान देकर सब काम किया। तब आपको लगेगा कि मैंने क्यों अपना जीवन ऐसे शख्स पर निछावर कर दिया जो आपके योगदान को मानता तक नहीं। तब तक आप खुद टूट चुके होंगे और जब खुद में ही दम नहीं होगा, तो बाकी सब बस एक्टिंग लगेगी। रिश्ते नकली लगने लगेंगे और आप खुद में खोए हुए अंश की तरह महसूस करेंगे - जैसे फ्रिज के कोने में दसियों दिन से रखा हुआ नींबू जो पूरा सूख चुका है।

कार्ल के मुताबिक इसलिए ज़रूरी है कि हम यह समझें कि अपने लिए खड़े होना, खुद को समय देना, खुद की पहचान को ढूंढना - कोई आत्मकेंद्रित लक्ज़री नहीं है। ये ज़िम्मेदारी है, जो अगर नहीं निभाई तो आप हर किसी की खुशी का इंतज़ाम करते-करते खुद की खुशी का अंतिम संस्कार कर देंगे। और फिर वो होगा जो अकसर होता है - burnout, resentment, और वो classic लाइन मन में कचोटेगी - 'मैंने सबके लिए किया, लेकिन किसी ने मेरी कद्र नहीं की।' इसलिए अगली बार जब कोई कहे 'तुम बदल गए हो', तो मुस्कुराइए और कहिए 'हां, और ये सबसे अच्छा बदलाव है। खुद को जानना, समझना और अपनाना ही असल जिंदगी की विनिंग ट्रॉफी है। जब आप खुद को पूरी तरह अपनाते हैं, तभी आप सच्चे अर्थों में दुनिया के लिए कुछ कर पाते हैं। तो चलिए, अब अपने अंदर की गुड्डी को जगाइए और हर सुबह खुद से पूछिए - 'क्या मैंने आज खुद को जय कहा?' क्योंकि जब तक हम खुद से जीतना नहीं सीखते, तब तक दूसरों की जय भी बस शोर ही रह जाती है। कार्ल कहते थे – सबसे बड़ा दुख है ना जी गई ज़िंदगी।

इसी विचार को ब्रॉनी वेयर नाम की एक ऑस्ट्रेलियाई नर्स ने अपनी किताब 'The Top Five Regrets of the Dying' में और भी गहराई से समझाया है। ब्रॉनी वेयर पेलिएटिव केयर (अंतिम समय की देखभाल) में काम करती थीं और उन्होंने मरणासन्न लोगों से उनके जीवन के पछतावों को सुना और इकठ्ठा किया। लोगों का सबसे ज़्यादा दोहराया गया पछतावा था-'काश मैंने अपनी ज़िंदगी अपने सच के अनुसार जी होती, न कि दूसरों की उम्मीदों के मुताबिक।' आखिर में सबको समझ आता है – लाइफ़ कोई फैमिली ड्रामा नहीं, अपना शो है। तो स्क्रिप्ट भी खुद की होनी चाहिए, ना कि रिश्तेदारों की लिखी हुई!

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

> **ईर्ष्या में तम ही तम नहीं होता, कुछ सत् भी होता है।**
> **- प्रेमचन्द**

## आज का इतिहास

- 1815: इंडोनेशिया में तंबोरा ज्वालामुखी फटा, जिसके कारण करीब एक लाख लोगों की मृत्यु हो गई।
- 1941: द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान यूगोस्लाविया ने जर्मनी के समक्ष आत्मसमर्पण किया।
- 1946: सीरिया ने फ्रांस से स्वतंत्रता की घोषणा की।
- 1982: कनाडा ने संविधान अपनाया।
- 1993: अंतरिक्ष यान एसटीएस-56 डिस्कवरी धरती पर वापस लौटा।
- 1995: पाकिस्तान में बाल मजदूरी समाप्त कराने वाले युवा कार्यकर्ता इकबाल मसीह की हत्या कर दी गई।
- 2003 : 55 वर्षों के बाद भारत-ब्रिटेन संसदीय मंच का गठन हुआ।
- 2006 : सूडान के रवैये से चाड अफ्रीकी संघ शांति वार्ता से हटा।
- 2007 : 2014 के एशियाड के लिए दक्षिण कोरिया को मेजबानी मिली।
- 1961 : भारत के बिलियर्ड्स और स्नूकर खिलाड़ी गीत सेठी का जन्म।
- 1912 : मलयालम में रचना करने वाले प्रसिद्ध साहित्यकार तकाजी शिवशंकरा पिल्लै का जन्म।
- 1900:बिहार के तीसरे सीएम बिनोदानन्द झा का जन्म।

## निशाना

### धूमचौकड़ी खात्मा !



-कृष्णेन्द्र राय

**भारत की अपील पर।**
**हुआ गिरफ्तार।।**
**है अभी भगोड़ा।**
**ढूंढ़ रही सरकार ?**
**तय कसना शिकंजा।**
**लगता अबकी बार।।**
**धूमचौकड़ी खात्मा।**
**बहने लगी बयार ?**
**धोखाधड़ी करके।**
**पैसा बस बनाया।।**
**चल रहा फरार।**
**ना अभी तक आया।।**
**है भविष्य के गर्भ।**
**कितनी है तैयारी।।**
**हुए कितने सख्त।**
**और कितनी लाचारी।।**

### संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने  ने ली विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक : औद्योगिक इकाइयों के परिक्षेत्र पर विस्तृत रूप से पौधरोपण किया जाए

# औद्योगिक इकाइयों को रूफ वाटर सिस्टम लगाने के लिए प्रेरित किया जाए : कमिशनर

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नर्मदापुरम संभाग कमिशनर कृष्ण गोपाल तिवारी ने संभाग के सभी महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र को निर्देश दिए कि वह औद्योगिक इकाइयों के संचालकों को अपने औद्योगिक परिसर में रूफ वाटर सिस्टम लगाने के लिए प्रेरित करें। कमिशनर ने कहा कि बारिश का पानी बचाना अति आवश्यक है। सभी महाप्रबंधक जिला व्यापार उद्योग केंद्र अपने-अपने जिले में स्थापित सभी औद्योगिक इकाइयों में जाकर औद्योगिक इकाइयों के संचालकों को औद्योगिक इकाइयों के परिक्षेत्र में वृहद स्तर पर पौधरोपण करने के लिए भी प्रेरित करें। पौधरोपण में सीएसआर फंड से भी सहयोग राशि ली जाए। कमिशनर ने निर्देश दिए की पौधरोपण करने के पश्चात सभी व्यक्ति वायु दूत एप पोर्टल में पौधों के साथ अपनी फोटो भी अपलोड करें। उल्लेखनीय है कि नर्मदापुरम संभाग कमिशनर कृष्ण गोपाल तिवारी बुधवार को जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, खादी एवं ग्रामोद्योग तथा जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक ले रहे थे। कमिशनर तिवारी ने निर्देश दिए की सभी महाप्रबंधक अपने-अपने जिले की ऐसी औद्योगिक इकाइयों का सर्वे करना भी सुनिश्चित करें जिनका वेस्ट मटेरियल, गंदा पानी एवं अपशिष्ट बह कर नदी एवं नालों में जा रहा है।



कमिशनर ने निर्देश दिए की सभी महाप्रबंधक समय-समय पर औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण अनिवार्य रूप से करें। कमिशनर तिवारी ने उद्योग विभाग की भगवान बिरसा मुंडा योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि इस योजना के तहत हितग्राहियों के ऋण राशि के प्रकरण प्राथमिकता से बैंक में लगाए भिजवाए जाएं एवं यह भी सुनिश्चित किया जाए की सभी प्रकरण बैंक में स्वीकृत हो जाए। कमिशनर ने ऐसी सेमी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत हरदा, बैतूल एवं नर्मदापुरम जिले के अधिक से अधिक हितग्राहियों के ऋण प्रकरण स्वीकृत करने के निर्देश दिए।

### मई में आयोजित किए जाएंगे समर कैंप

जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान जिला खेल अधिकारी उमा पटेल ने बताया कि मई महीने में जिले के सभी ब्लॉकों में निःशुल्क समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह समर कैंप 1 महीने तक आयोजित किये जायेंगे। इस कैंप के माध्यम से बच्चों के खेल के टैलेंट को चिन्हित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आठ से 18 वर्ष तक के बच्चे समर कैंप में शामिल हो सकते हैं। बच्चों को निःशुल्क खेल गतिविधियों का प्रशिक्षण देने के लिए खेल प्रशिक्षक भी उपलब्ध कराए जाएंगे। पूरे एक माह तक विभिन्न खेल गतिविधियों जैसे कबड्डी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, हॉकी, खो-खो, बैडमिंटन, चैस, एवं अन्य खेल के कंपटीशन भी कराए जाएंगे। खेल अधिकारी ने बताया कि समर कैंप के समापन के पश्चात बच्चों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। समर कैंप में खिलाड़ी प्रातः 2 घंटे एवं सायं 2 घंटे बिता सकेंगे।

उन्होंने बताया कि खेलो बढ़ो योजना के अंतर्गत खिलाड़ियों को खेल ग्राउंड का भ्रमण कराया जाएगा। मध्य प्रदेश में स्थित खेल अकादमियों का भी भ्रमण कराया जाएगा, उनके बारे में अपडेट दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि समर कैंप के माध्यम से बच्चों की खेल प्रतिभाओं को चिन्हित किया जाएगा।

### महिला स्व सहायता समूह के प्रोडक्ट को विंध्य वैली से कनेक्ट किया जाएगा

खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग की सहायक संचालक श्रीमती रीना मर्सकोले ने बताया कि इस वर्ष खादी एंपोरियम शोरूम से 15 लाख की सामग्री विक्रय का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि मौसम के अनुसार खादी के वस्त्र उपलब्ध हैं, साथ ही नए समर सीजन के अनुसार भी वस्त्रो की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने बताया कि महिला स्व सहायता समूह के प्रोडक्ट को विंध्या वैली से कनेक्ट किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शासन से 5 महिला स्व सहायता समूह के प्रोडक्ट को विंध्या वैली से जोड़ने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है ।बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास जी सी दोहर एवं संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### नर्मदापुरम कार्यपालन यंत्री (भवन) लोनिवि कार्यालय में ईई की मनमानी

# लेखा लिपिक की रिटायरमेंट के बाद भी कार्यपालन यंत्री नहीं दे रहे किसी को प्रभार

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

लोक निर्माण विभाग वैसे तो अपने निर्माण कार्य को लेकर हमेशा चर्चा में बना रहता है लेकिन इस विभाग में अब और भी कई चर्चा के विषय सामने आ रहे हैं. लोग निर्माण विभाग के कार्य पालन यंत्री (भवन) कार्यालय में पदस्थ रहे लेखा लिपिक आदिल मार्च 2025 में सेवा निवृत हो चुके हैं लेकिन कार्य पालन यंत्री द्वारा उनके स्थान पर अभी किसी भी कर्मचारी को लेखा लिपिक प्रभार नहीं सौंपा गया. जबकि कर्मचारियों के सेवा निवृत होने के पूर्व ही अन्य कर्मचारी को प्रभार दिए जाने संबंधी कार्रवाई पूर्ण होना चाहिए. लेकिन कार्य पालन यंत्री द्वारा आदिल के स्थान पर किसी अन्य कर्मचारी को प्रभार दिया जाना तो दूर की बात बल्कि सेवानिवृत होने के बावजूद भी आदिल से कार्यालय में काम कराया जा रहा है. जब एक कर्मचारी अपने ऑफिस से सेवानिवृत हो जाता है तो उस ऑफिस में उसका आना-जाना किस हैसियत से बना रहना चाहिए यह चर्चा का विषय है.

सूत्रों से पता चला है कि कुछ पुराने कार्यों के बिल वाउचर वगैरा भी आदिल





द्वारा ही प्रस्तुत कराए जा रहे हैं. आखिरकार पालन यंत्री द्वारा किसी अन्य कर्मचारी को आदिल के सेवानिवृत होने के दो हफ्ते के बाद भी प्रभार क्यों नहीं दिया गया.

इस बारे में मुख्य अभियंता( भवन) भोपाल से जानकारी लेनी चाही तो उनका जवाब कोई संतुष्टि पूर्ण नहीं मिला बल्कि उन्होंने सेवानिवृत हुए कर्मचारी का प्रभार अन्य कर्मचारी को देने नहीं देने की बात कार्यपालन यंत्री पर टाल दी.

मामले को लेकर जब कार्य पालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण नर्मदापुरम से जानना चाहा तो उन्होंने कहा कि हम किसको प्रभार दें.किसको प्रभार नहीं दें. कब दें, कब नहीं दें. यह हमारी मर्जी के ऊपर है हम किसी को बताने के लिए बाध्य नहीं है.

कार्यपालन यंत्री के वक्तव्य से तो ऐसा मालूम पड़ता है कि लेखा लिपिक और उनके बीच कोई ऐसी  खिचड़ी पक रही है जिसकी भनक किसी को नहीं देना चाहते. जबकि वह जानते हैं कि आग पर रखा जाने वाला कोई भी पात्र जिसमें कुछ पक रहा हो उसकी खुशबू तो दूर-दूर तक फैल ही जाती है.

**इनका कहना है**

कार्यपालन यंत्री कार्यालय में यदि कोई कर्मचारी सेवा निवृत होता है तो उसके स्थान पर किसको प्रभार देना है और कब देना है. इसका अधिकार कार्यपालन यंत्री को है. कार्यपालन यंत्री कार्यालय के कर्मचारी को प्रभार देना दिलाना हमारे अधिकार क्षेत्र में नहीं है.

**-केशव सिंह यादव**
मुख्य अभियंता (भवन) लोक निर्माण विभाग  भोपाल

हमारे कार्यालय से सेवानिवृत हुए कर्मचारी के स्थान पर हम किसको प्रभार दिलाएं. और कब प्रभार दिलाए. यह हमें किसी को बताने की आवश्यकता नहीं है.

**-मयंक शुक्ला** कार्य पालन यंत्री (भवन)  लोक निर्माण विभाग   नर्मदापुरम (मप्र)

# मृत नवजात मादा बाघ शावक का निर्धारित प्रक्रिया अनुसार किया गया शवदाह

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

क्षेत्र संचालक सतपुडा टाईगर रिजर्व नर्मदापुरम, राखी नंदा ने बताया कि गत दिवस 12 अप्रैल 2025 को एक नवजात मादा बाघ शावक की मृत्यु की घटना, सतपुडा टाइगर रिजर्व के अंतर्गत परिक्षेत्र चुरना, बीट साकोट में कक्ष क्रमांक/202 में प्रकाश में आई। जिस पर एनटीसीए नई दिल्ली एवं कार्यालय मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक मध्यप्रदेश, भोपाल से जारी दिशा-निर्देशो के अनुरूप त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल को सुरक्षित किया गया व डॉग स्क्वाड की सहायता से घटना स्थल एवं उसके आस-पास गहन छानबीन की कार्यवाही की गई।

### अवैध शिकार के नहीं मिले साक्ष्य

इस दौरान अवैध शिकार के कोई प्रत्यक्ष या परोक्ष साक्ष्य नहीं पाये गये। इसके साथ ही मृत नवजात मादा बाघ शावक की देह पूर्ण रूप से सुरक्षित पायी गयी।

नवजात मादा बाघ शावक का पोस्टमार्टम विशेषज्ञ वन्यजीव चिकित्सकों डॉ. संजय कुमार सिंघई शासकीय पशु चिकित्सक, नर्मदापुरम एवं डॉ. गुरूदत्त शर्मा वन्यप्राणी चिकित्सक सतपुडा टाइगर रिजर्व, नर्मदापुरम द्वारा किया गया। पोस्टमार्टम किये जाने के दौरान नवजात मादा बाघ शावक के शरीर के सभी अंग सुरक्षित पाये गये तथा प्रयोग शाला परीक्षण हेतु उसके महत्वपूर्ण अवयव सुरक्षित रखे गये।

इसके पश्चात मध्यप्रदेश शासन वन विभाग के आदेशानुसार निर्धारित प्रक्रिया अनुसार शवदाह भस्मीकरण की कार्यवाही अधिकारियों, वन्यप्राणी विशेषज्ञ एवं एनटीसीए के प्रतिनिधि के समक्ष सम्पन्न की गयी। जिसमें श्रीमति राखी नंदा क्षेत्रसंचालक सतपुडा टाइगर रिजर्व  नर्मदापुरम, आर. वी पाठक परिक्षेत्र अधिकारी चूरना, शक्ति श्री तोमर तहसीलदार इटारसी एनटीसीए के प्रतिनिधि / श्रीमति अमरावती महेश यादव पंच ग्राम पंचायत धपाडा तथा वन्यजीव विशेषज्ञों में डॉ. संजय कुमार सिंघई शासकीय पशु चिकित्सक नर्मदापुरम एवं डॉ. गुरूदत्त शर्मा वन्यप्राणी चिकित्सक सतपुडा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम व अन्य शासकीय सेवको की उपस्थिति में की गई।

### जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, नर्मदापुरम द्वारा अकृषि ऋण वितरण प्रारंभ

**नर्मदापुरम।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, नर्मदापुरम द्वारा विगत 15 वर्षों से अकृषि ऋणों का वितरण बन्द कर दिया गया था। कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक सुश्री सोनिया मीना के प्रयासों से बैंक द्वारा अकृषि ऋणों का वितरण पुनः प्रारम्भ किया जाकर  अमित जैन, विपणन अधिकारी को अकृषि ऋण योजना अन्तर्गत कार ऋण वितरण कर कार की चाबी सौंपी गई। इस अवसर पर बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं उपायुक्त सहकारिता भी उपस्थित रहे।





### जल गंगा संवर्धन अभियान : बनाडा में नदी पर स्टॉप डैम में गेट लगाकर किया जल संचयन



**नर्मदापुरम।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत बनाडा में जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। गांव में स्थित नदी पर बनाए गए स्टॉप डैम में गेट लगाकर पानी को रोका गया, जिससे नदी का जल स्तर बढ़ाया जा सके। अब इस कार्य से क्षेत्र के किसानों को सिंचाई हेतु पर्याप्त जल भी उपलब्ध हो सकेगा। इस जनहितकारी कार्य को सफल बनाने में ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और श्रमदान के माध्यम से अपनी सहभागिता दर्ज कराई। यह पहल न केवल जल संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि गांव के कृषि क्षेत्र को भी सशक्त बनाएगी।

# सरकारी अस्पताल से डॉक्टर को अगवा सहित अभद्रता की घटना के आरोपियों पर कार्रवाई हेतु एसपी को ज्ञापन सौंपा

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

सरकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनखेड़ी में विगत 12 अप्रैल की रात्रि 9~30 बजे बनखेड़ी में सड़क दुर्घटना में घायल 2 मरीजों को अस्पताल लेकर आए थे, जिसमें एक व्यक्ति की घटना स्थल पर मृत्यु हो गई थी और दूसरे मरीज को सिर में गंभीर चोट लगी थी। गंभीर मरीज का अस्पताल में बीएमओ एवं ड्यूटी डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार देकर जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम रेफर किया गया था। इस दौरान  परिजनों ने उनके गांव  से 10 से 15 लोगों को बुलाकर अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। डॉक्टर के साथ गाली गलौज एवं धक्का मुक्की की गई और नर्सिंग ऑफिसर एवं स्टाफ के साथ गाली गलौज कर मारने  की धमकी दी गई एवं ड्यूटी पर उपस्थित डॉक्टर धर्मेंद्र मांझी को जबरन धमकाकर एंबुलेंस में बैठ कर ले गए। जिनको पुलिस की मदद से सोहागपुर में छुड़ाया गया एवं रास्ते में भी डॉक्टर धर्मेंद्र  के साथ अभद्रता की गई। घटना के बाद से बनखेड़ी स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर सहित नर्सिंग स्टाफ बहुत भयभीत हो गए हैं। घटना को लेकर बुधवार 16 अप्रैल को अस्पताल स्टाफ बनखेड़ी द्वारा पुलिस अधीक्षक  नर्मदापुरम डॉ गुरुकरण सिंह  को ज्ञापन सौंपकर निवेदन किया गया कि अभद्रता एवं अगवा करने वाले  लोगों पर उचित वैधानिक कार्रवाई करने के साथ की अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए।जिससे इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृति ना हो एवं अस्पताल स्टाफ भय मुक्त होकर कार्य कर सके ।इस अवसर पर जिला चिकित्सालय से डॉ आर माहेश्वरी, डॉ संजय पुरोहित, डॉ शिवेंद्र चंदेल, डॉ सुनील जैन, डॉ आर एस मीणा, डॉ रिचा कटकवार, डॉ जे एस परिहार बीएमओ बनखेड़ी एवं पीड़ित डॉक्टर धर्मेंद्र मांझी सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।





**मेट्रो एंकर** सीमांकन, वेतन वृद्धि, पेयजल, किसान सम्मान निधि आदि प्रकरणों के समाधान के लिए जिला अधिकारियों को दिए निर्देश

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने किया 110 आवेदनों का निराकरण

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा 110 नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर उनका यथोचित निराकरण किया गया। जनसुनवाई के दौरान माखन नगर निवासी पशुपालक किसान सौरव यादव के केसीसी प्रकरण का निराकरण करते हुए कलेक्टर ने एलडीएम एवं उपसंचालक पशुपालन विभाग नर्मदापुरम को निर्देश दिए की आवेदनकर्ता को समस्या का समाधान शीघ्र किया जाए साथ ही जो भी कागजी कार्यवाही शेष है वह भी त्वरित रूप से पूरी कराई जाए। तक संबंध में एलडीएम श्री आरडी वघेला द्वारा संबंधित बैंक मैनेजर से संपर्क कर केसीसी बनाए जाने में आ रही समस्या का समाधान करते हुए आवेदनकर्ता श्री यादव के केसीसी प्रकरण का निराकरण किया गया। आवेदनकर्ता श्री यादव द्वारा बताया गया कि पिछले एक माह से पशुपालन किसान क्रेडिट कार्ड नहीं बन पा रहा था। जनसुनवाई में आज आवेदन प्रस्तुत करने के उपरांत कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देश अनुसार लीड बैंक मैनेजर द्वारा संबंधित बैंक अधिकारी से चर्चा कर समस्या का समाधान कर



दिया गया है। उन्होंनें कलेक्टर को धन्यवाद ज्ञापित किया।

इसी प्रकार तहसील डोलरिया के ग्राम आमूपुरा निवासी जमना प्रसाद के किसान सम्मान निधि की राशि प्रदान किए जाने के आवेदन पर कलेक्टर द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े तहसीलदार डोलरिया को निर्देशित किया गया कि आवेदनकर्ता की भूमि रिकॉर्ड का परीक्षण कर शीघ्र ही नियमानुसार योजना का लाभ उपलब्ध कराए जाने की कार्यवाही पूरी की जाए। कलेक्टर सुश्री मीना ने पचमढ़ी निवासी जयप्रकाश साहू की पेंशन रिकॉर्ड में धर्मपत्नी का नाम सुधार करने की समस्या का समाधान करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम को निर्देशित किया कि आवेदनकर्ता से समस्त दस्तावेजों प्राप्त कर तथा उनका प्रशिक्षण उपरांत नाम सुधारने की कार्यवाही पूरी की जाए तथा उक्त संबंध में आवश्यकता पड़ने पर लीड मैनेजर की भी सहायता ली जाए।

सिवनी मालवा जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत ढेकना के ग्राम वासियों द्वारा नल जल योजना चालू किए जाने की मांग का समाधान करते हुए ईई पीएचई को निर्देश दिए की ग्राम वासियों की पेयजल संबंधी समस्या का शीघ्र निराकरण करें। साथ ही की गई कार्यवाही का पालन प्रतिवेदन आगामी 1 सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करें। इसी प्रकार कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी कॉलोनी कोठी बाजार के समीप नलों से गंदा पानी आने की समस्या के आवेदन का परीक्षण करते हुए ईई पीडब्ल्यूडी तथा सीएमओ नर्मदापुरम को निर्देश दिए कि पेयजल संबंधी समस्या में अभिलंब कार्यवाही करते हुए पेयजल आपूर्ति दुरुस्त की जाए।

इसी प्रकार कलेक्टर सुश्री मीना ने जनसुनवाई में आए सभी आवेदकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं एवं अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों की समस्याओं का समय बद्ध एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान उन्होंने पूर्व लंबित जनसुनवाई प्रकरणों की भी समीक्षा की।

जनसुनवाई के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सौजान सिंह रावत, संयुक्त कलेक्टर संपदा सराफ, सिटी मजिस्ट्रेट बृजेंद्र रावत सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# नवजात और प्रसूता की मौत, पीड़ित ने एसपी और कलेक्टर से लगाई गुहार

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

प्रसूता और नवजात की मौत के मामले में राज नर्सिंग होम एवं हेल्थ एंड केयर मल्टी हॉस्पिटल नगर में चर्चा का विषय बन गया है। इन अस्पतालों कार्रवाई की मांग को लेकर पीड़ित प्रकाश चन्द्र पटेल ने एसपी ओर कलेक्टर को आवेदन दे कर कथित निजी अस्पताल संचालक के कारनामों तथा तथ्यों की जांच करके अपराधिक प्रकरण दर्ज करने की गुहार लगाई है। मंगल वार को अपनी तीन बेटियों के साथ विदिशा पहुंच कर प्रकाश चंद्र पटेल ने एसपी रोहित केसवानी को अपनी व्यथा बताई। प्रकाश ने उन्हें बताया राज नर्सिंग होम में 13 मार्च 25 को मेरी पत्नी प्रसूता कल्पना कुशवाह की जांच की। मुझे बताया प्रसव सामान्य होगा। उसी समय शाहिदा सिद्दीकी ओर उनके पति शाहिद मोहम्मद ने हमे भरोसा दिला कर कहा सुरक्षित तरीके से हम यहीं प्रसव कर देंगे। इसके बाद प्रसव पीड़ा होने पर मैंने 15- 16 मार्च की रात की प्रसूता को लेजाकर राज नर्सिंग होम में भर्ती कर दिया।

**राज नर्सिंग होम एवं हेल्थ एंड केयर मल्टी हॉस्पिटल के सीसी टीवी फुटेज, काल डिटेल ओर नवजात के फोटो लोकेशन की जांच की जाय- पीड़ित पटेल**



ढाई से तीन घंटे उन्होंने कल्पना को भर्ती रखा। फिर कहने लगे यहां प्रसव नहीं हो रहा। प्रसूता को हमारे छतरी स्थित हेल्थ एंड केयर मल्टी हॉस्पिटल ले चलो। हमने प्रसूता को वहां लेजाकर भर्ती कर दिया। हेल्थ एंड केयर मल्टी हॉस्पिटल संचालक ने हमे बताया बच्चे की गर्भ में मृत्यु हो गई है। यहां उन्होंने जच्चा की भी जान को खतरा बता कर ऑपरेशन के नाम पर मनमाने गलत तरीका से चीड़ फाड़ करके बच्चा निकल दिया। जो मृत निकला। ऑपरेशन चीड़ फाड़ से बड़ी मात्रा में बिलीडिंग होने पर प्रसूता को डेढ़ बाटल खून चढ़ा कर भोपाल के चिरायु अस्पताल में भर्ती करने भेज दिया। जहां 24 मार्च 25 को प्रसूता की मौत हो गई। मेरे बच्चे और पत्नी की मौत इनकी घोर लापरवाही एवं ऑपरेशन के नाम पर मनमानी चीड़ फाड़ करने की वजह से हुई है। अब विभागीय जांच में संचालक प्रसूता का हेल्थ एंड केयर मल्टी हॉस्पिटल में ऑपरेशन करने से ही मुकर रहा है। पीड़ित प्रकाश चंद्र पटेल ने घटना की रात के टोरी मोहल्ला स्थित राज नर्सिंग होम अस्पताल एवं छतरी नाका स्थित हेल्थ एंड केयर मल्टी हॉस्पिटल के सीसी टीवी फुटेज, ऑपरेशन के बाद परिजनो द्वारा अस्पताल में लिया गया फोटो लोकेशन इस घटना से जुड़े अस्पताल के स्टाफ एवं प्रकाश के परिजन के कॉल डिटेल की उच्च स्तरीय जांच कर कृत्य करने वाले अस्पताल संचालक एवं स्टॉप पर अपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है।

### नवागत कलेक्टर गुप्ता ने कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए कहा

# जिले में दलहन फसलों का उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने पर ध्यान दें कृषि विभाग

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा नवागत कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आज 16 अप्रैल 2025 को कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में कृषि विभाग के द्वारा की जा रही गतिविधियों एवं योजनाओं के संचालन कार्यों की समीक्षा की। बैठक में कृषि के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विकासखंड विदिशा, ग्यारसपुर एवं नटेरन के समस्त कृषि अधिकारी उपस्थित थे तथा जिले के शेष विकासखंड यथा बासौदा, सिरोंज कुरवाई लटेरी के समस्त अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े हुए थे।




उपसंचालक कृषि श्री केएस खपेड़िया ने जिले में संचालित की जा रही विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की जानकारी पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी। वर्ष 2024-25 में विभागीय योजनाओं द्वारा किए गए लक्ष्य एवं पूर्ति की जानकारी बैठक में दी गई तथा वर्ष 2025-26 हेतु लिए निर्धारित लक्ष्य की जानकारी से भी अवगत कराया गया।

वर्तमान में उपार्जन का कार्य चल रहा है, उससे जुड़ी प्लानिंग के बारे में कलेक्टर को अवगत कराया। चूंकि अभी रबी फसलों की कटाई का कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। फसल कटाई के उपरांत मिट्टी के परीक्षण हेतु मिट्टी के नमूने लेने का सबसे उपयुक्त समय होता है इसीलिए श्री खपेड़िया ने उपस्थित जिले के समस्त कृषि अधिकारियों से किसानों को प्रेरित कर मिट्टी के नमूना लेने का आह्वान किया।

कृषि विभाग द्वारा की जा रही विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने बताया कि देश में दलहन के खपत के मुकाबले उत्पादन कम है। अतः हमें दलहन फसलों जैसे मूंग , अरहर, उड़द, मसूर, चना आदि फसलों के बोनी का रकबा बढ़ाना चाहिए, जिससे दलहनी फसलों का उत्पादन बढ़ सके साथ ही ऐसी किस्म का चयन करना चाहिए जिससे प्रति हेक्टेयर दलहनी फसलों का उत्पादन बढ़ सके। कृषकों को भी कृषि विभाग के अधिकारियों से संपर्क में रहकर नई किस्म की जानकारी प्राप्त कर उपयोग करना चाहिए।

**कृषि आदान सामग्री उपलब्धता की भी की समीक्षा**

कलेक्टर श्री गुप्ता ने आगामी खरीफ मौसम में बोई जाने वाली फसलों हेतु आवश्यक आदान सामग्री जैसे बीज , उर्वरक ( यूरिया, डीएपी आदि, ) पौध संरक्षण दवा आदि की उपलब्धता एवं भंडारण की भी समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए की किसी योजना का लाभ बार-बार एक ही परिवार को ना देते हुए पात्र समस्त हितग्राहियों को बारी-बारी से योजनाओं का लाभ दिया जाए। किसानों के हित में कार्य कर रहे किसान कॉल सेंटर आदि के जो टोल फ्री नंबर हैं उनका अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें।

उक्त बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री ओपी सनोडिया भी मौजूद थे। उन्होंने पंचायत विभाग द्वारा की जा रही गतिविधियों में कृषि विभाग का समन्वय कर के कृषकों के लाभ हेतु कार्य करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि कृषकों को कोई समस्या ना हो इसका विशेष ध्यान रखें तथा समस्या आने पर शीघ्र निराकरण किया जाए।

# मीडियाकर्मियों से रूबरू हुए कलेक्टर



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा नवागत कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आज पत्रकारवार्ता का आयोजन किया गया। पत्रकारवार्ता में जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया बंधु उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री गुप्ता ने जिले के मीडिया बंधुओ से रूबरू होकर उनसे संवाद किया और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी मौके पर किया।

इस दौरान कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि जिले के विकास कार्यों के लिए विशेष कार्य किए जाएंगे। जिले की प्रशासनिक टीम द्वारा आपसी समन्वय से कार्यों का संपादन किया जा रहा है। मध्यप्रदेश शासन की मंशा अनुरूप आम नागरिकों को सुविधाएं मुहैया कराने और योजनाओं की लाभ प्राप्ति में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो का विशेष ध्यान रखा जाएगा। केंद्र व राज्य सरकार की जितनी भी योजनाओं का क्रियान्वयन विदिशा जिले में किया जा रहा है। उन सभी योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को लाभ मिले के लिए कार्य किए जाएंगे और यह हमारा दायित्व भी है कि आम नागरिकों को अच्छी सुविधाएं मिले और पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। आम नागरिकों को शासकीय कार्यालयों के बार-बार चक्कर ना लगाना पड़ें इसके लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। इसी के साथ उन्होंने नए शैक्षणिक सत्र प्रारंभ के साथ बच्चों के स्कूल में एडमिशन के संबंध में कहा कि कोई भी बच्चा स्कूलों में प्रवेश लेने से वंचित ना रहे इसके लिए हम सब की महती भूमिका है। सभी के सहयोग से जिले के निर्धारित आयु वर्ग के बच्चों को स्कूलों में प्रवेश दिलाना है। खासकर स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति के लिए भी व्यवस्थाएं क्रियान्वित हैं जो अनवरत जारी रहेगी जिससे शैक्षणिक व्यवस्थाओं में सुधार होगा और बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सकेगी।

कलेक्ट्रेट के बेतवा सभा कक्ष में आयोजित पत्रकार वार्ता में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया, जिला जनसंपर्क अधिकारी बीडी अहरवाल मौजूद रहे।

# गर्मियों में कहीं भी पानी समस्या उत्पन्न ना हो इस बात का अधिकारी रखें ध्यान : विधायक उमाकांत शर्मा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

गर्मी के चलते जलस्तर में गिरावट होने के कारण नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों मे वाटर लेवल तेजी से नीचे जा रहा है। इसके कारण कई ग्रामीणांचलों में पानी को लेकर हालात खराब होने लगे श्री निपटने के लिए अधिकारियों द्वारा क्या तैयारी की है उसकी समीक्षा बैठक लेकर विधायक उमाकांत शर्मा ने समय से सभी जरूरी कदम उठाने के सख्त निर्देश अधिकारियों को दिए।



विधायक ने जल संवाद अभियान एवं जल सप्लाई और पानी की समस्या को लेकर हो रहा है कार्यों की समीक्षा एसडीएम हर्षल चैधरी की मौजूदगी में संबंधित विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली श्री शर्मा ने कहा कहीं भी पानी की परेशानी ना हो इस बात की चिंता गंभीरता से अधिकारी करें जो जहां जो हो सकता है वह कार्य करें। जिन गांवों में पानी नहीं है वहां पर की सप्लाई टैंकरों से करें जिन हेड पंपों का पानी काम हो गया है उनमें पाइपलाइन बढ़ाएं नल जल योजनाओं से पानी की सप्लाई हो बंद परियोजनाओं को तत्काल चालू करें कहीं कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। चार-पांच घंटे तक समीक्षा की इस दौरान जिम्मेदारों संतोष जनक जवाब नहीं देने पर फटकार लगाई।

## जल गंगा संवर्धन अभियान तहत मारकंडी नदी का श्रमदान और गहरीकरण का कार्य प्रारंभ



**सिरोंज।** विदिशा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद से चयनित नवांकुर संस्था राम प्रयास समाज कल्याण समिति राजपुर सेक्टर लायरा विकासखंड कुरवाई जिला विदिशा द्वारा ग्राम भौंरासा मे प्राचीन मारकंडी नदी स्थित माकरंडय ऋषिकेश घाट पर श्रमदान और गहरीकरण और साफ-सफाई की गई। संस्था द्वारा नदी का गरीकरण का कार्य शुरू किया जा रहा है। साथ ही साथ यहां स्थित प्राचीन बावड़ी की की साफ सफाई की जा रही है। मप्र जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक श्रीमती पूजा श्रीवास्तव के नेतृत्व में विकासखंड समन्वयक श्रीमती सीमा भार्गव, परामर्शदाता उज्जीवेंद्र सिंह चैहान, नवांकुर संस्था राम प्रयास समाज कल्याण समिति राजपुर सेक्टर लायरा के अध्यक्ष बलवीर प्रजापति, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष मोहर सिंह कुशवाहा, सिरावदा प्रगति सेवा समिति सचिन मुन्नालाल कुशवाहा, परामर्शदाता कुमारी वर्षा राजपूत, परामर्शदाता कुमारी पूजा भार्गव, परामर्शदाता संदेश अग्रवाल, कमलेश साहू और बीएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राएं और एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्रों ने श्रमदान किया।

# कलेक्टर ने एसडीएम और तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा नवागत कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आज बुधवार की प्रातः विदिशा के अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय और तहसील कार्यालय भवन में पहुंचकर यहां संपादित किए जा रहे कार्यों का औचक निरीक्षण। उन्होंने एसडीएम व तहसील कार्यालय भवन में संचालित कार्यों का अवलोकन ही नहीं किया बल्कि यहां उपस्थित स्टाफ से संवाद कर कार्यों को संपादन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी मौके पर दिए।







कलेक्टर श्री गुप्ता ने तहसील कार्यालय और एसडीएम कार्यालय में पहुंचने वाले आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो को दृष्टिगत रखते हुए उनकी समस्याओं व आवेदन का हल निकले और वह संतुष्टि जाहिर करें इसके लिए पहल करने के निर्देश समस्त स्टाफ को दिए हैं। उन्होंने कहा कि कार्यालय के बाहर रीडर और बाबू सहित अन्य स्टाफ के मोबाइल नंबर की सूची चस्पा की जाए, ताकि आम नागरिकों को सहूलियतें हों। साथ ही उन्होंने तहसील कार्यालय में पटवारियों की उपस्थिति के संबंध में भी पूछताछ करते हुए पटवारियों की बैठक व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि शहरी क्षेत्र के पटवारी तहसील कार्यालय में उपस्थित रहकर अपने कार्यों का संपादन करें, जबकि पंचायत क्षेत्र के पटवारी पंचायत में रहकर सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करें।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने एसडीएम और तहसील कार्यालय के विभिन्न कक्षों में पहुंचकर उपस्थित स्टाफ से संवाद कर रिकॉर्ड संधारण पंजी सहित अन्य दस्तावेजों का अवलोकन किया और किस तरह में आवेदनों का निराकरण व कार्यों का संपादन करते हैं के संबंध में जाना। उन्होंने न्यायालय तहसील एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तहसीलदार कक्ष, नायब तहसीलदार कक्ष, निर्वाचन शाखा, न्यायालय तहसील, माल जमादार कक्षों के अलावा अन्य कक्षों में पहुंचकर निरीक्षण किया है।

**मेट्रो एंकर** कलेक्टर ने उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया, तैनात कर्मचारियों की सूची प्रदर्शन के निर्देश

# उपज बेचने वाले कृषकों को किसी तरह की परेशानी न हो, गुप्ता ने किसानों से किया संवाद

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

सिरोंज कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आज बासौदा तहसील के ग्राम मढिया सेमरा पहुंचकर उपार्जन कार्यों का जायजा लिया।

कलेक्टर ने उपार्जन केंद्र अजय वेयरहाउस एण्ड लाजिस्टिक्स में पहुंचकर उपार्जन की संपूर्ण प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने किसान राजेश दांगी तथा मढिया सेमरा के कृषक अजय तिवारी से संवाद





कर उपार्जन केन्द्र पर मुहैया कराई जा रही बुनियादी सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने चर्चा के दौरान किसानों से को सिंचाई के लिए सोलर पंप लगाने की सलाह दी है। वहीं मौजूद अन्य किसानों से संवाद कर उपार्जन कार्यों में कहीं किसी प्रकार की कोई दिक्कतें तो नहीं आ रही हैं को जाना है।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि हरेक उपार्जन केन्द्र पर तैनात अधिकारी, कर्मचारियों के नाम प्रदर्शित किए जाएं। इस दौरान उन्होंने सर्वेयरों से चर्चा कर उनके कार्य करने के निर्धारित मापदंडों से भी अवगत हुए।

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ, स्थानीय एसडीएम, तहसीलदार के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## आरोपियों पर प्रकरण दर्ज नहीं होने पर बजरंगियों ने घेरा थाना



**भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र में कार चालक ने घर के बाहर सड़क किनारे खड़ी दो कार में टक्कर मारकर दी। रहवासियों ने उसका पीछा किया। डर के कारण कार चालक कार लेकर भागने का प्रयास करने लगा। इस दौरान पीछे कर रहे रहवासियों ने उसे पकड़ लिया और उसके साथ जमकर मारपीट की। मारपीट में उसकी हालत गंभीर हो गई और उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। प्रकरण में बजरंग दल पदाधिकारियों ने मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं होने पर बुधवार शाम थाने का घेराव कर दिया। करीब 3 घंटे तक वह थाने के बाहर बैठे रहे। पुलिस ने जब एफआईआर दर्ज की तब विरोध प्रदर्शन खत्म किया। पुलिस ने दो संदेहियों को हिरासत में लिया है। एफआईआर होने के बाद ही प्रदर्शन हो सका शांत पुलिस के अनुसार विवेकानंद कॉलोनी निवासी गोविंद राजपूत ट्रेवल्स की कार चलाता है। कार सरकारी विभाग में अटैच है। मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात वह कार लेकर घर आ रहा था। समुदाय विशेष के आबादी क्षेत्र से गुजरते समय उसकी कार सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों में साइड से टकरा गई। घबराकर गोविंद भाग निकला। इस बीच रहवासी उसका पीछा करते हुए उसके घर तक पहुंच गए। रहवासियों ने उससे हर्जाना मांगते हुए मारपीट शुरू कर दी। पुलिस ने रहमान, शाहरूख, शेरू, सलमान, बाबर को नामजद आरोपी बनाया है। अन्य की पहचान की जा रही है। पुलिसकर्मी पर वीडियो डिलीट कराने का आरोप बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि समुदाय विशेष की भीड़ ने गोविंद के घर में घुसकर हमला किया था। परिजन ने घर में घुसकर मारपीट करने का वीडियो बनाया तो पुलिसकर्मी फिरोज ने गोविंद का मोबाइल छुड़ाकर हमले का वीडियो डिलीट कर दिए।

## शराब के लिए अड़ीबाजी, एक ही परिवार के 5 लोगों पर हमला



**भोपाल।** गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित बीडीए क्वार्टर गोदरमऊ में मंगलवार दिनदहाड़े पड़ोस में रहने वाले बदमाश ने एक परिवार पर पत्थर व डंडे से हमला कर दिया। आरोपी ने पहले घर की महिला से शराब के लिए पैसों की अड़ी डाली थी। विरोध करने पर उसने मां-बेटे पर पत्थर से हमला कर लहूलुहान कर दिया। बीच-बचाव करने आई बेटी व भतीजे के साथ भी आरोपी ने मारपीट की। पुलिस का कहना है कि घटना की जानकारी मिलने पर घर लौट रहे पिता पर भी आरोपी ने रास्ते में डंडे से हमला कर दिया। उनके माथे व हाथ में गंभीर चोट आई है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। सोशल मीडिया पर बदमाश ने धारदार हथियार लेकर फोटो कराई एक्सपोज पुलिस ने बताया कि बीडीए क्वार्टर गोदरमऊ निवासी बलराम कुशवाह उर्फ बबलू (47) माली है। विगत 15 अप्रैल की दोपहर करीब 12 बजे पड़ोस में रहने वाले निर्भय वशंकार ने घर के सामने आकर बलराम की मां तारा बाई से अड़ीबाजी करते हुए शराब पीने के लिए पैसे मांगे। उसने धमकी दी कि यदि पैसे नहीं दिए तो तेरे पति की प्रभात फेरी नहीं निकालने दूंगा। तारा बाई ने उसे गाली देने से मना किया। शोर सुनकर बलराम कुशवाह घर से बाहर आ गया। बलराम ने भी उसे गाली न देने की हिदायत दी। तब निर्भय वंशकार पत्थर फेंकने लगा। पत्थर से हमला करने पर बलराम व उसकी मां तारा बाई लहूलुहान हो गए। बीच-बचाव करने आई बलराम की बेटी रिया व भतीजे कृष्णा पर भी आरोपी ने पत्थर से हमला किया।

### करीब बीस फीट गहरे पानी में बीस मिनट की मशक्कत के बाद गोताखोरों ने निकाली लाश

# बच्चों के साथ नहाने गया चौदह साल का किशोर कुएं में डूबा, मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित सेज यूनिवर्सिटी के सामने बर्रई गांव के कुएं में डूबने से चौदह साल के किशोर की मौत हो गई। किशोर बुधवार दोपहर अपने मोहल्ले के दोस्तों के साथ यहां खेत में बने कुएं में नहाने पहुंचा था, तभी वह गहरे पानी में डूब गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से लाश बाहर निकालनी चाही थी, लेकिन असफलता ही हाथ लगी। गहरा पानी होने के कारण पुलिस को नगर निगम के गोताखोरों को बुलाना पड़ा गोताखोरों ने करीब बीस मिनट की मशक्कत के बाद किशोर की लाश बाहर निकाल ली। लाश पीएम के लिए एम्स भेजी गई है। आज गुरुवार को उसका पीएम कराया जाएगा।



पुलिस के अनुसार संतोष अहिरवार पिता राजमल अहिरवार (14) बर्रई गांव कटारा हिल्स में रहता था और सातवीं कक्षा में पढ़ता था। संतोष अक्सर मोहल्ले के बच्चों के साथ सेज यूनिवर्सिटी के सामने खेत में बने कुएं में नहाने जाता था। कुएं के पास आम के पेड़ भी लगे हुए है। बच्चे इसी पेड़ से कच्ची केरी तोड़कर खाते हैं और पास बने कुएं में नहाते हैं। बुधवार दोपहर संतोष गांव के चार अन्य दोस्तों के साथ कुएं पर नहाने गया था। नहाते समय वह कुएं के गहरे पानी में डूब गया। उसके साथ मौजूद बच्चे वहां से भागकर घर पहुंचे और परिजन को घटना की जानकारी दी। परिजन कुएं के पास पहुंचे और तैरना जानने वाले स्थानीय लोगों से मदद मांगी, लेकिन पानी गहरा होने के कारण असफलता ही हाथ लगी। इधर पुलिस को भी सूचना मिल गई थी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और नगर निगम के गोताखोर को बुलाया गया। गोताखोरों ने करीब बीस मिनट की मशक्कत के बाद संतोष का शव पानी से बाहर निकाल लिया।

### मुंह में फंसी मिली केरी

संतोष की लाश बाहर निकालने के बाद पीएम के लिए मर्चूरी भेज दी गई है। लाश बाहर निकालने पर संतोष के मुंह में केरी फंसी हुई मिली। केरी खाने के बाद उसने कुएं में छलांग लगाई थी। मुंह खुला होने के कारण पानी भराया और वह डूब गया।

### मां का रो रोकर बुरा हाल, सदमें में धमकी देती रही

घटना की जानकारी मिलते ही संतोष की मां और रिश्तेदार मौके पर पहुंच गए थे। वे गिड़गिड़ा रहे थे कि संतोष को जल्द बाहर निकाल लो, लेकिन पानी करीब 20 फीट गहरा और मटमैला होने के कारण गोताखोरो को संतोष की लाश नहीं मिल रही थी।

गल भी डाला गया, लेकिन लाश बाहर नहीं आई। इस दौरान मां को रो रोकर बुरा हाल हो गया। वह सदमे में कहते रही कि इतने सारे लोग खड़े हैं, लेकिन कोई भी मेरे बच्चे को कुएं से बाहर नहीं निकाल रहा है।

## ओवरटेक करने के दौरान टायर फटने से पल्टी बस, ड्रायवर समेत 4 घायल

**भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित नर्मदापुरम रोड पर बरकतउल्ला विश्वविद्यायल और विज्ञान भवन के बीच निजी कंपनी की बस डिवाइड से टकराकर पलट गई। हादसे के समय बस में 15 लोग सवार थे। घटना करीब पौने तीन बजे के आसपास की है। हादसे में ड्राइवर समेत चार लोगों को गंभीर चोट आई है। अन्य लोगों को मामूली चोट है। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो हादसा ओवरटैक करते समय बस का टायर फंटने से हुआ है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बस ड्राइवर समेत पांच लोगों को गंभीर चोट, मंडीदीप कर्मचारियों को लेकर जा रही थी बस पुलिस के अनुसार बस मंडीदीप की बीयर फैक्ट्री में लगी हुई है। वह प्रतिदिन कर्मचारियों को आनंद नगर से मंडीदीप लेकर जाती थी। बुधवार को भी बस कंपनी के 15 कर्मचारियों को आनंद नगर से लेकर मंडीदीप जा रही थी। इस दौरान पौने तीन बजे के आसपास एक अन्य वाहन को ओवरटैक करते समय बस का टायर फट गया और बस डिवाइडर से टकराकर पलट गई। घायलों को नजदीक ही स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## 16 साल की किशोरी से 17 साल के नाबालिग पड़ोसी ने किया दुष्कर्म

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

चूनाभट्टी थाना क्षेत्र स्थित एक बस्ती में 16 साल की किशोरी से 17 साल के नाबालिग द्वारा बेड टच और दुष्कर्म का मामला सामने आया है। परिचित होने का फायदा उठाकर वह किशोरी को सूनी गली में लेकर पहुंचा था और वहां अश्लील हरकतें कर दुष्कर्म किया। घटना के बाद से पीड़ित किशोरी गुमसुम हो गई थी। संदेह होने पर मां ने पूछताछ की तो उसके साथ हुई घटना की जानकारी मिली। मां उसे लेकर थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। काउंसिलिंग कराने के बाद पुलिस ने बाल अपचारी के खिलाफ छेड़छाड़, दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार चूनाभट्टी क्षेत्र में रहने वाली 16 साल की किशोरी सातवीं कक्षा तक पढ़ी है। 13 अप्रैल की रात करीब 10 बजे वह घर के बाहर खड़ी थी। तभी पड़ोस में रहने वाला 17 साल का नाबालिग वहां पहुंचा और आवाज देकर बालिका को सूनी गली में बुला लिया। पहचान होने के कारण किशोरी बुलाने पर गली में चली गई। पुलिस ने बताया कि गली में जाते ही बाल अपचारी ने बेड टच करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उसने प्राइवेट पार्ट से भी छेड़छाड़ की। किशोरी के शोर मचाते ही



नाबालिग आरोपी वहां से भाग निकला। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद से किशोरी गुमसुम रहने लगी थी। विगत 15 अप्रैल को संदेह होने पर मां ने उससे पूछताछ की, लेकिन पीड़िता कुछ नहीं बोली। मां अपनी बेटी को लेकर थाने आ गई। पुलिस ने उसकी काउंसिलिंग कराई। काउंसिलिंग के दौरान किशोरी ने सारा घटनाक्रम बता दिया।

मां को पीट रहे पिता ने जवान बेटी से की अश्लील हरकत

निशातपुरा थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में शराब के नशे में धुत पिता ने 24 साल की बेटी से अश्लील हरकतें कर दी। दरअसल शराबी अपनी पत्नी को पीट रहा था। ड्यूटी से घर लौटी बेटी ने मां को बचाने का प्रयास किया। इस बीच पिता ने उसे दबोच लिया और बेड टच किया। पीड़िता ने थाने जाकर अपने पिता के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार निशातपुरा की एक कॉलोनी में रहने वाली 24 साल की युवती प्राइवेट काम करती है। मंगलवार शाम वह ड्यूटी करके घर लौटी तो देखा कि शराबी पिता, मां के साथ मारपीट कर रहा है। युवती ने अपनी मां को बचाने का प्रयास किया। इस पर पिता ने बेटी के साथ भी मारपीट की और इस दौरान उसके साथ अश्लील हरकतें भी कर दी। शराब पीकर आए दिन की मारपीट से परेशान युवती ने निशातपुरा थाने जाकर पिता के खिलाफ प्रकरण दर्ज करा दिया। पुलिस ने बताया कि युवती का एक भाई है। पिता कोई काम नही करता।

## एयरपोर्ट के विभि विभाग अधीक्षक व महिला डॉक्टर समेत तीन घरों के एक साथ टूटे ताले,लाखों का माल ले उड़े चोर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित राजाभोज आवासीय परिसर में एक अधिकारी के मकान में किराए से रहने वाले एयरपोर्ट के विधि विभाग अधीक्षक और महिला डॉक्टर के सूने घरों में अज्ञात बदमाशों ने सेंधमारी कर लाखों रुपए के माल पर हाथ साफ कर दिया। आरोपियों ने घर के ऊपरी हिस्से में रहने वाली मकान मालिक की बेटी के कमरे से भी चोरी की है। पुलिस ने नकबजनी का प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की खोजबीन के लिए घटनास्थल और आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

पुलिस के मुताबिक राजाभोज आवासीय परिसर अब्बास नगर रोड निवासी चरण सिंह दांगी (45) भोपाल एयरपोर्ट पर विधि विभाग में अधीक्षक हैं और यहां किराए से रहते हैं। विगत 14 अप्रैल की दोपहर तीन

**एक मकान में किराए से रहते हैं, शादी में शामिल होने गंजबासौदा गए थे अधीक्षक**

बजे अपने घर पर ताला लगाकर शादी समारोह में शामिल होने गंजबासौदा गए थे। अगले दिन सुबह करीब साढ़े 8 बजे घर लौटे तो मेनगेट का ताला टूटा मिला। भीतर सारा सामान बिखरा पड़ा था। सूने घर को निशाना बनाकर अज्ञात चोर एक टीवी, अलमारी में रखे जेवरात व 25 हजार नगदी समेत करीब एक लाख रुपए केमाल पर हाथ साफ कर गए। पुलिस ने बताया कि घर के ऊपरी हिस्से में मकान मालिक सुभाष कुमार की बेटी अनन्या का कमरा है। बदमाशों ने उस कमरे का ताला भी तोडकर सामान चोरी किया है। ऊपर के फ्लोर पर ही किराए से डॉक्टर अंजुम रहती हैं।




**मेट्रो एंकर** अब तक 10 आरोपी गिरफ्तार, विदेश में बैठे सायबर ठगों को टेलीग्राम पर किराए पर देते थे अकाउंट

# डिजिटल अरेस्ट कर साढ़े 68 लाख की ठगी करने वाले दो सायबर ठग राजस्थान से किए गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

सायबर क्राइम ब्रांच की टीम ने डिजिटल अरेस्ट कर 68 लाख 49 हजार रुपए की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को भिलवाड़ा, राजस्थान से गिरफ्तार किया है। आरोपी विदेश में बैठे सायबर जालसाजों को टेलीग्राम के माध्यम से अकाउंट किराए पर देते और बेचते थे। बदले में आरोपी 10 ो 15 फीसदी कमीशन क्रिप्टो करंसी के माध्यम से ले लिया करते थे। अब तक की पूछताछ में आरोपियों से पता चला कि वह करीब 150 बैंक अकाउंट सायबर ठगों को बेच चुके हैं। यह काम उनके लिए नया नहीं था, बल्कि चार साल से वह बैंक अकाउंट खुलवाकर बेचने का काम कर रहे थे। आरोपियों के अकाउंट में



करोड़ो रुपए का लेनदेन हुआ है। पुलिस के अनुसार फरियादी द्वारा शिकायत की गई कि थी कि किसी अज्ञात आरोपी द्वारा स्वयं को फेडेक्स कंपनी का कर्मचारी बताया था। उसने कहा कि था कि आपके नाम से ड्रग का पार्सल मुंबई से ताइवान भेजे गया है। बाद में अन्य आरोपियों द्वारा स्काइप पर कॉल कर उन्हें जोड़ लिया। इस दौरान खुद को



क्राइम ब्रांच मुंबई का डीसीपी बताकर उन्हें एक बदमाश ने 200 ग्राम एमडीएमए ड्रग पार्सल में गिरफ्तार करने का डर दिखाया था। बाद में वीडियो कॉल पर ऑब्जर्वेशन में रखने के नाम पर डिजीटल अरेस्ट कर और मनी लांडरिंग का झूठा आरोप लगाकर उनसे 68 लाख 49 रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए।

सायबर क्राइम ब्रांच ने वाट्स एप नंबर, मोबाइल नंबर व स्काइप आइडी समेत बैंक अकाउंट के वास्तविक उपयोगकर्ता पर प्रकरण दर्ज किया। पूर्व में हो चुके हैं आठ आरोपी गिरफ्तार सायबर क्राइम ब्रांच की टीम तकनीकी जानकारी जुटाने के बाद आठ आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है। उक्त प्रकरण में आरोपी विशाल भट्ट को गुलाबपुरा, भीलवाड़ा राजस्थान और यशपाल भट्ट निवासी गुलाबपुरा, भीलवाड़ा राजस्थान को को गिरफ्तार कर मोबाइल व सिम कार्ड बरामद कर आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया है। स्माल फायनेंस बैंक में खुलवाया था करंट अकाउंट आरोपी ग्रुप बनाकर वारदात करते थे।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022